● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 305, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार, 24 दिसम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



उपराष्ट्रपति ने चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की 5

बब्बर शेर की तरह दहाड़े ऋतुराज 6

## केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलेगी : डॉ. यादव

### सागर की भूमि और यहां के लोगों का मेरे जीवन में विशेष स्थान : उत्तराखण्ड सीएम धामी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सागर के गौरव दिवस एवं जनकल्याण पर्व पर कहा है कि सागर में कैंसर अस्पताल एवं रानी अवंतीबाई विश्वविद्यालय में विधि संकाय शुरु होगा। बुधवार 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर शुरु होने जा रही केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सागर का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वालीं विभूतियों को सम्मानित करने पर प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाखा बंजारा ने यहाँ झील का निर्माण कर लोगों को पेयजल की समस्या से निजात दिलायी। उनके यह महान कार्य सदा स्मरणीय हैं। मैं उनकी इस महानता को नमन



करता हूँ।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सागर के गौरव दिवस एवं जनकल्याण पर्व पर नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाराजा छत्रसाल और आल्हा-ऊदल के शौर्य और बलिदान के लिए यह बुंदेलखंड की धरा जानी जाती है। अब बुंदेलखंड क्षेत्र का नया इतिहास लिखा जाएगा जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 25 दिसम्बर को छतरपुर जिले के खजुराहो में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की नदी जोड़ने की परिकल्पना को साकार करने के लिए केन-बेतवा लिंक परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में मौजूद जनसमुदाय को मुट्ठी बांधकर परियोजना के भूमि-पूजन कार्यक्रम में आने का संकल्प दिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौरझामर नगर परिषद, बंडा बरा नगर पंचायत, नरयावली नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा भी की।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा सरकार द्वारा सागर के विकास के लिए कायाकल्प के कई कार्य किए गए हैं जिसमें लाखा बंजारा झील का जीर्णोद्धार, पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य भी शामिल है। इससे सागर शहर का जल स्तर संतुलित बना रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव और उनकी पूरी टीम ने प्रदेश के विकास को एक नई दिशा प्रदान की। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि आज यहां 100 करोड़ रूपये से भी ज्यादा की विकास योजनाओं का पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण कार्य पूरा हो रहा हैं। इन सभी कार्यों से डॉ. यादव की सरकार ने अपने पहले ही वर्ष में मध्य प्रदेश के उज्जवल भविष्य की मजबूत नीव स्थापित कर ली है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आने वाले अपने आगामी कार्यकाल में डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश और तेजी से विकास करेगा।

मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा जब मुझे मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण प्राप्त हुआ तो मेरे मन में सागर में बिताए मेरे बचपन के दिन याद आ गए। यहां की अनेक स्मृतियां मेने मन में है, आज वे सारी यादें ताजा हो गई। उन्होंने कहा मैं अपने पैतृक स्थान पर आया हूं।

## देश के विकास में युवा ताकत और नेतृत्व की अहम भूमिका : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सरकारी नौकरी पाने वाले 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए नौकरी पाने वाले युवाओं को सफलता का मंत्र दिया। पीएम ने कहा कि किसी भी देश के विकास में युवाओं की ताकत और नेतृत्व की अहम भूमिका होती है।

पीएम मोदी ने कहा कि मैं कल देर रात कुवैत से लौटा हूं। वहां मैंने भारत के युवाओं और प्रोफेशनल्स से बात की। भारत आने के बाद मेरा पहला कार्यक्रम देश के युवाओं के साथ हो रहा है। आज देश के हजारों युवाओं के जीवन की नई शुरुआत हो रही है। उनका कई सालों का सपना साकार हुआ है। कई सालों की मेहनत सफल हुई है। पीएम ने कहा कि देश के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थानों में सरकारी नौकरियां



देने का अभियान चल रहा है। आज भी 71 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। पिछले 1-1.5 साल में लगभग 10 लाख युवाओं को हमारी सरकार ने स्थायी सरकारी नौकरी दी है। यह अपने आप में बहुत बड़ा रिकॉर्ड है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली किसी भी सरकार के कार्यकाल में युवाओं को ऐसे भारत सरकार में स्थायी नौकरी नहीं मिली। आज न सिर्फ लाखों युवाओं को सरकारी नौकरी मिल रही है बल्कि ये नौकरियां पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं। मुझे खुशी है कि पारदर्शी परंपरा से आने वाले युवा भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से देश की सेवा में जुटे हैं। देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का हमारा संकल्प है। हमें इस संकल्प और इस लक्ष्य को प्राप्त करने का पूरा भरोसा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार पिछले दशक की कई नीतियां लेकर आई। मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, हर योजना युवाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई है। भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी नीतियों में बदलाव किया। भारत ने अपने रक्षा क्षेत्र में निर्माण को बढ़ावा दिया और इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को हुआ। आज भारत का युवा नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है। हर क्षेत्र में सफलता का झंडा बुलंद कर रहा है। पीएम ने कहा कि हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है।

## चुनाव नियमों में संशोधन निष्पक्ष चुनाव के लिए खतरा : स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा-नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने चुनाव नियमों में एक खतरनाक संशोधन किया है, जो लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि इस संशोधन के माध्यम से सरकार चुनावों में पारदर्शिता को खत्म करने की कोशिश कर रही है और उन्होंने सभी राजनीतिक पार्टियों से अपील की कि वे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर हमले का विरोध करें।

उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के बाद, जिसमें चुनाव बूथ का सीसीटीवी फुटेज देने को कहा



गया था, केंद्र सरकार ने चुनाव दस्तावेजों और सीसीटीवी फुटेज की सार्वजनिक जांच को रोकने के लिए यह संशोधन किया। इससे संविधान की बुनियादी विशेषताओं में से एक को नष्ट कर दिया गया है।

सीएम स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, चुनाव नियमों की धारा 93(2)(ए) में लापरवाही भरा संशोधन करके भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के तहत लोकतंत्र सबसे बड़े खतरे का सामना कर रहा है, जिससे चुनाव में पारदर्शिता खत्म हो गई है।

इसके अलावा, उन्होंने महाराष्ट्र में हाल के विधानसभा चुनावों के परिणामों पर भी चिंता जताई और कहा कि भाजपा को डर है कि इसके परिणामों पर सवाल उठ सकते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चौंकाने वाली बात यह है कि भारत के चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के दबाव में आकर अपनी स्वतंत्रता को खो दिया है। वह मोदी सरकार के आगे झुक गया है ।

## राहुल ने की दिवंगत सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवार से मुलाकात

**मुंबई।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवार से मुलाकात की। इसके बाद राहुल ने कहा कि सोमनाथ सूर्यवंशी की हत्या इसलिए की गई, क्योंकि वह दलित थे और संविधान की रक्षा कर रहे थे। इसके अलावा राहुल विजय वाकोडे के परिवार से भी मिलेंगे, जिनकी विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के दौरान मृत्यु हो गई थी। परिवार से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने कहा कि, मैं परिवार से मिला हूं और जिन लोगों को मारा गया है और पीटा गया है, उनसे मिला हूं।

## आंबेडकर का अपमान करने के लिए माफी मांगे कांग्रेस : रविशंकर

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को कांग्रेस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ झूठा अभियान चलाने का आरोप लगाया। सत्तारूढ़ पार्टी ने कहा कि कांग्रेस को शाह के खिलाफ ऐसे नाटक (ड्रामा) करने के बजाय हमेशा बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। भाजपा ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने शाह की हालिया राज्यसभा में की गई एक टिप्पणी का गलत इस्तेमाल किया, ताकि वह अपना राजनीतिक हित साध सके।

शाह ने पिछले हफ्ते राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान



आंबेडकर पर बयान दिया था। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि शाह ने आंबेडकर का अपमान किया। इसके विरोध मं कांग्रेस ने आंबेडकर सम्मान सप्ताह शुरू किया है, जिसके तहत पार्टी कार्यकर्ता और नेता देशभर में रैली और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेंगे, ताकि आंबेडकर के योगदान को याद किया जा सके।

इस आरोप के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने हमेशा आंबेडकर का अपमान किया है और अब वह उनके योगदान को याद करने का नाटक कर रही है। प्रसाद ने कहा, कांग्रेस को आंबेडकर के अपमान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। यह पार्टी पहले आंबेडकर के अपमान के लिए माफी मांगे, फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस करे। उन्होंने यह भी कहा कि देश के लोग अब काफी समझदार हो गए हैं और कांग्रेस का यह प्रयास सफल नहीं होगा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शाह ने अपने भाषण में आंबेडकर का अपमान किया।

## पुलिस से मुठभेड़ में तीन खालिस्तानी आतंकी ढेर

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में यूपी और पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। यूपी और पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ में तीन खालिस्तानी आतंकियों को मार गिराया है। तीनों आतंकी खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स आतंकी संगठन के थे।

मौके से दो एके-47 और दो पिस्टल बरामद की गई हैं। तीनों ने गुरदासपुर चौकी पर ग्रेनेड फेंका था। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में तीन खालिस्तानी आतंकवादी एनकाउंटर में मारे गए हैं। पूरनपुर क्षेत्र में पंजाब और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है।

## शेख हसीना को वापस बांग्लादेश भेजे भारत

### अंतरिम यूनुस सरकार ने भेजा राजनयिक नोट



**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को ढाका वापस भेजने के लिए भारत को एक राजनयिक नोट भेजा है। बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने अपने कार्यालय में सोमवार इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमने भारत सरकार को एक नोट वर्बल (राजनयिक संदेश) भेजा है जिसमें कहा गया है कि बांग्लादेश न्यायिक प्रक्रिया के लिए शेख हसीना को वापस चाहता है। इससे पहले आज दिन में, गृह सलाहकार जहांगीर आलम ने कहा कि उनके कार्यालय ने अपदस्थ प्रधानमंत्री के भारत से प्रत्यर्पण की सुविधा के लिए विदेश मंत्रालय को एक पत्र भेजा है। प्रक्रिया अभी चल रही है। उन्होंने कहा कि ढाका और नई दिल्ली के बीच प्रत्यर्पण संधि पहले से मौजूद है और संधि के तहत हसीना को बांग्लादेश वापस लाया जा सकता है।

## कांग्रेस ने किसानों और महंगाई के मुद्दे पर भाजपा को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र सरकार को किसान विरोधी और जुमलेबाज करार दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार पर किसान विरोधी नीतियां लागू करने का आरोप लगाया। वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बढ़ती महंगाई के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि किसान भारत बनाते हैं, वे देश का गौरव हैं। किसान दिवस पर सभी किसान बहनों और भाइयों



और खेत मजदूरों को हार्दिक शुभकामनाएं। देश के किसानों के लिए लड़ने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को उनकी जयंती पर सादर श्रद्धांजलि। उन्होंने लिखा कि उम्मीद है कि मोदी सरकार अपनी जिद और किसान विरोधी नीतियों के जरिये हमारे किसानों के साथ और अन्याय नहीं करेगी और अपने पुराने वादों को लागू करेगी।

राहुल गांधी ने भी किसानों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि देश के सभी अन्नदाताओं को सादर नमन। उनके परिश्रम से ही हमारा देश समृद्ध है। हम किसानों के इस महान योगदान को याद करते हैं। साथ ही हम किसानों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। जयराम रमेश ने एक्स पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा करते हुए लिखा कि मोदी सरकार की ओर से घोषित बुलेट ट्रेन तो देश में नहीं आई, लेकिन बुलेट ट्रेन की गति से भी अधिक तेजी से बढ़ रही महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है।

पिछले साढ़े दस साल में महंगाई दोगुनी और तिगुनी हो गई है। सब्जियां, आटा, तेल, मसाले और रोजमर्रा की चीजें आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। मोदी सरकार के राज में हर चीज महंगी होती जा रही है।

## प्रताप सारंगी-मुकेश राजपूत को अस्पताल से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली।** संसद भवन परिसर में हुई सांसदों की धक्कामुक्की में घायल भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। दरअसल, 19 दिसंबर को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा दोनों ने संसद भवन परिसर में प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान दोनों दलों के सांसदों के बीच मकर द्वार पर धक्कामुक्की हो गई। भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के सिर में चोट देखी गई। इस दौरान भाजपा सांसद मुकेश राजपूत भी घायल हो गए। दोनों को आरएमएल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। राम मनोहर लोहिया अस्पताल की तरफ से दी गई जानकारी में बताया गया था कि सिर में चोट लगने के कारण एतिहात के तौर पर दोनों को आईसीयू में भर्ती कराया गया। प्रताप सारंगी को बहुत ज्यादा रक्तस्राव हो रहा था और उन्हें गहरा घाव भी हुआ था। इसलिए उन्हें टांके लगाने पड़े। मुकेश राजपूत बेहोश हो गए थे।

## दिल्ली हाईकोर्ट से पूजा खेडकर को बड़ा झटका

**दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पूजा को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पर सिविल सेवा परीक्षा में कथित धोखाधड़ी और ओबीसी-दिव्यांगता कोटे का गलत लाभ उठाने का केस दर्ज है।

पूजा खेडकर पर दिल्ली पुलिस की तरफ से आपराधिक आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने उन पर सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी करने और अवैध रूप से ओबीसी और दिव्यांगता कोटा लाभ का दावा करने का आरोप लगाया है।

न्यायमूर्ति चंदर धारी सिंह की पीठ ने 27 नवंबर, 2024 को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

## सौरभ शर्मा के ठिकानों पर छापे से नेताओं-अधिकारियों का गठजोड़ उजागर

**भोपाल।** परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके करीबी दोस्त चेतन सिंह गौर के ठिकानों पर लोकायुक्त द्वारा मारे गए छापे से यह खुलासा हो गया है कि नेताओं-अधिकारियों के गठजोड़ ने मध्यप्रदेश में बीते कुछ सालों में अरबों का भ्रष्टाचार किया है। ऐसा इसलिए भी कहा जा रहा है क्योंकि सौरभ शर्मा की नियुक्ति से लेकर उसकी पूरी नौकरी और परिवहन चेक पोस्टों पर नियुक्तियां, उगाही से लेकर पैसों की बंदरबांट का पूरा जिम्मा यह बताता है कि प्रदेश में नेताओं और अधिकारियों के बीच किस कदर गठजोड़ काम कर रहा था। आयकर विभाग को मिली 54 किलो सोना और दस करोड़ रुपये से भरी इनोवा कार चेतन गौर की है और उसका सोना व नकदी सौरभ शर्मा की निकली। इस खुलासे के बाद आशंका जताई जा रही है कि सौरभ शर्मा के यहां लोकायुक्त छापे की कार्रवाई की सूचना लीक हो गई थी? यह इसलिए क्योंकि इतनी बड़ी मात्रा में सोना और नकदी सौरभ शर्मा और उसके करीबी दोस्त, पार्टनर चेतन सिंह गौर के ठिकानों पर लोकायुक्त छापे से पहले ही इनोवा में भरकर घर से बाहर कर दी गई थी। जानकार सूत्रों का कहना है कि सौरभ शर्मा के खिलाफ जब से जांच शुरू हुई थी, तभी से वह चौकन्ना हो गया था। इतना ही नहीं गबन में फंसने की आशंका के चलते ही उसने नौकरी से वीआरएस लेकर बिल्डर बनना चुना था।

## सीएम योगी पहुंचे प्रयागराज अरैल में टेंट सिटी का लिया जायजा

**प्रयागराज।** महाकुंभ की तैयारियां का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज पहुंच गए हैं। उनका हेलीकॉप्टर डीपीएस ग्राउंड में उतरा। यहां से सीधे वह अरैल घाट पर तैयार हो रहे टेंट सिटी पहुंचे। तैयारियों का जायजा लेते हुए समय के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने उन्हें तैयारियों के बारे में जानकारी दी। यहां के बाद सीएम गंगा तट पर स्थित दशाश्वमेध घाट पहुंचे। यहां पर दशाश्वमेधेश्वर महादेव का पूजन करने के बाद आरती उतारी।

दशाश्वमेध मंदिर में पूजन करने के बाद सीएम योगी का काफिला मेला प्राधिकरण कार्यालय पहुंचा है। यहां पर मुख्यमंत्री अधिकारियों के साथ बैठक करके महाकुंभ की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने तैयारियों के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी



दी। सीएम के साथ कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, नंद गोपाल गुप्ता नंदी के साथ सांसद प्रवीण पटेल, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह, हर्षवर्धन, दीपक पटेल, महापौर गणेश केसरवानी आदि हैं।

सीएम योगी ने अधिकारियों से मेले की तैयारियों के बारे में चर्चा की। बैठक में महाकुंभ के कार्यों से जुड़े सभी अधिकारी मौजूद हैं। प्रोजेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को परियोजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें रिवर फ्रंट, नागवासुकि मंदिर घाट पर हुए कार्यों के साथ, दारागंज, संगम क्षेत्र, अलोपीबाग फ्लाईओवर से लेकर पांटून पुल निर्माण आदि के बारे में जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आई ट्रिपलसी में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने महाकुंभ के तहत शहर और संगम तट पर चल रहे कार्यों का जायया लिया।

सीएम योगी ने न्यू ओपीडी ब्लॉक और बर्न वार्ड का जायजा लिया। यहां पर चल रहे अन्य कार्यों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री के आगमन के चलते मरीजों और तीमारदारों का प्रवेश रोक दिया गया था। इसको लेकर मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री के जाने के बाद मरीजों को आने की अनुमति दी गई। स्वरूप रानी नेहरू हॉस्पिटल में मुख्यमंत्री के आगमन पर एक घंटे से ही ट्रामा सेंटर के बाहर मरीजों को रोक दिया गया था। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से शत प्रतिशत पात्र हितग्राही लाभान्वित हों : विश्वामित्र



**सिंगरौली।** केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं से वंचित व्यक्तियों एवं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करने की मंशा से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान प्रारंभ किया गया है आप सभी बढ़ चढ़कर अभियान में हिस्सा लें ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिल सके। उक्त आशय के विचार विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने ग्राम पंचायत चमरौहा, अमिलिया एवं सेमरी में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। प्रदेशव्यापी मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र सिहावल के ग्राम पंचायत चमरौहा, अमिलिया एवं सेमरी में मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं कन्यापूजन कर विधिवत शुभारंभ किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित एसपी मिश्रा एसडीएम ने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में शामिल योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली सेवाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आप सभी अपनी समस्याओं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन निर्धारित स्टाल में दें, आपके आवेदन का पंजीयन पोर्टल पर होगा। आवेदन पर क्या कार्यवाही /निराकरण हुआ अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विश्वामित्र पाठक ने अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के उद्देश्य की जानकारी देते हुए अभियान में सम्मिलित 45 जन कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली 63 सेवाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आप लोग योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रतानुसार आवेदन करें आपका आवेदन पंजीकृत कर पोर्टल पर दर्ज होगा। शिविर में निराकरण योग्य आवेदनों का निराकरण यहीं पर कराकर आपको हितलाभ दिया जाएगा।शेष आवेदनों का निराकरण 26 जनवरी 2025 के पूर्व कराकर आपको योजना से लाभान्वित एवं सूचित किया जाएगा। आवेदन अस्वीकृत की दशा में भी अस्वीकृत के कारण से अवगत कराया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक ने उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि इस अभियान में गठित संपर्क दल घर घर जाकर योजनाओं एवं अभियान की जानकारी दे एवं पात्रतानुसार आवेदन ले ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न रहे। अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार कराएं जिससे योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को जानकारी मिल सके एवं आवेदन कर पात्रतानुसार लाभ ले सकें। शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाणपत्र वितरित किए गए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से रवि शंकर मिश्रा अभियान प्रभारी सिहावल, साक्षी गौतम तहसीलदार सिहावल, अखिलेश तिवारी प्रबंधक एनआरएलएम, अनुसुइया वाजपेई सीडीपीओ, सिद्दार्थ गौतम मण्डल अध्यक्ष अमिलिया, जय शंकर द्विवेदी मण्डल अध्यक्ष सोनवर्षा, कपूरचंद्र शाहू , गजराज सिंह, उषागोपाल पटेल, धर्मी पटेल सरपंच चमरौंहा, पार्वती वर्मा सरपंच अमिलिया, उषा पटेल सरपंच सेमरी, अनिल गुप्ता, प्रदीप शुक्ला, भोले सिंह, खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, हितग्राही बंधु, गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# हिंडालको महान को महिला सशक्तिकरण के उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला प्रतिष्ठित पीआरएसआई अवार्ड



**सिंगरौली।** रायपुर (छत्तीसगढ़) के होटल बेबीलोन इंटनेशनल में पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया के 46वें अखिल भारतीय जनसंपर्क महाकुंभ में हिंडालको महान को महिला स्वावलंबन और विकास के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य के लिए बेस्ट सीएसआर प्रोजेक्ट ऑफ वुमन डेवलपमेंट श्रेणी में द्वितीय स्थान का सम्मान प्राप्त हुआ। यह आयोजन पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस महाकुंभ का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और समापन राज्यपाल माननीय रमेन डेका द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 500 से अधिक जनसंपर्क विशेषज्ञ, मीडिया प्रोफेशनल्स, उद्योग, सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान आत्मनिर्भर भारत, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कौशल विकास, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, मीडिया संचार रणनीतियां और संगठनात्मक प्रतिष्ठा जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए।इस प्रतिष्ठित अवार्ड समारोह में 36 विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। 300 से अधिक संस्थानों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की, जिनमें हिंडालको महान ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उर्जांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया।यह सम्मान भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. नंद कुमार साय ने हिंडालको महान के सीएसआर व जनसंपर्क प्रमुख संजय सिंह और बीरेंद्र कुमार पाण्डेय को प्रदान किया।हिंडालको महान के इकाई प्रमुख एस. सेन्थिलनाथ ने सीएसआर और पीआर टीम को बधाई देते हुए कहा यह पुरस्कार हमारे प्रयासों की मान्यता है और हम समाज कल्याण के लिए इसी तरह कार्य करते रहेंगे। मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने कहा यह सम्मान महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में हमारे मिशन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। हम भविष्य में भी समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहेंगे।हिंडालको महान का यह सम्मान नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रेरक कदम है। सीएसआर टीम का यह प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एक प्रेरणा है।

# एनटीपीसी–विंध्याचल में ड्राइंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल में जुलाई 2024 से दिसंबर 2024 तक कोर वैल्यू उत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक माह के लिए एक-एक कर्मचारी को कोर वैल्यू चैम्पियन नामित किया गया है। इसी कड़ी में एनटीपीसी-विंध्याचल में दिसंबर माह 2024 के लिए कोर वैल्यू चैम्पियन अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा) आशीष कुमार अग्रवाल को नामित किया गया , जिसके अंतर्गत विभिन्न वर्गों -कर्मचारियों एवं उनके परिवारों, स्कूली बच्चों एवं संविदकर्मियों के लिए विभिन्न प्रतियोगितायें जैसे - वीडियो मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, कहानी लेखन, नारा प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, हजार्ड हंट प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, शब्द पहेली आपदा प्रबंधन संबन्धित प्रशिक्षण आदि का प्रतियोगिताओं आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सम्पूर्ण गुणवत्ता एवं सुरक्षा पर आधारित प्रत्येक दिन एक पोस्टर इंट्रानेट पर प्रदर्शित किया जा रहा है । इसी तारतम्य मे दिनांक 23.12.2024 को परियोजना मे स्थित शासकीय स्कूल विंध्यनगर मे सम्पूर्ण गुणवत्ता एवं सुरक्षा की थीम ज़ीरो डिफ़ेक्ट ज़ीरो हार्म पर आधारित ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या मे स्कूली बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने मनमोहक चित्र बनाकर अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया।अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा) आशीष कुमार अग्रवाल ने इस अवसर पर उपस्थित सभी बच्चों को दैनिक जीवन में सुरक्षा की महत्ता के बारे में अवगत कराया एवं उन्हे सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित भी किया।इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) आशीष कुमार अग्रवाल, श्रीमती शालू अग्रवाल, वरिष्ठ प्रबन्धक(सी एंड आई-मेंटीनेंस) धीर सिंह चौहान, अन्य अधिकारीगण एवं शिक्षकगण के साथ-साथ भारी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# केसीसी लोन बनवाकर गरीब आदिवासी को ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार

## चितरंगी पुलिस ने की कार्यवाही



**सिंगरौली।** केसीसी लोन बनवाकर गरीब आदिवासी को ठगने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस ने आरोपी से ठगे हुए पैसे को वापस दिलाया है। यह कारवाही पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में चितरंगी एसडीओपी आशीष जैन के मार्गदर्शन में चितरंगी थाना प्रभारी सुरेन्द्र यादव ने की है। बताया गया कि फरियादी रामकुमार गौड़ निवासी रेही द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर त्रिवेणी सिंह बारगाही एवं तत्कालीन यूनियन बैंक मैनेजर पर 24 नवंबर को थाना चितरंगी में धारा 420 एवं 120 बी भारतीय दंड संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा दो 2000-2000 का इनाम घोषित किया गया था। इस प्रकरण में त्रिवेणी सिंह बारगाही को 22 दिसंबर को चितरंगी पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर के पूछताछ की गई एवं पूछताछ में सामने आए तथ्यों के आधार आधार पर त्रिवेणी सिंह बारगाही डॉक्टर प्रसाद शुक्ला की फर्म शुक्ला आयरन में वर्ष 2022 में सेल्समेन का काम करता था, जिसका खाता यूनियन बैंक में देवसर में है।

### ऐसे करता था फ्रॉड

बताया गया कि तत्कालीन यूनियन बैंक मैनेजर राशिद खान से डॉ प्रसाद शुक्ल का अच्छा मेल मिलाप था एवं बैंक मैनेजर के साथ मिलकर केसीसी लोन कराता था। फरियादी रामकुमार गोंड से उसकी जमीन के कागज लिए एवं लूज चेक पर हस्ताक्षर करवा लिए। केसीसी प्रकरण तैयार कर उसके मध्यांचल बैंक के खाते में 490000 का केसीसी लोन पास कराया और लूज चेक से संपूर्ण राशि निकाल करके डॉक्टर प्रसाद शुक्ल द्वारा अपनी फर्म शुक्ला आयरन के खाते से 100000 राम कुमार के मध्यांचल ग्रामीण बैंक के खाते में ट्रांसफर कर दिए एवं 390000 की राशि का अधिकांश हिस्सा स्वयं शेष राशि त्रिवेणी सिंह बारगाही एवं बैंक मैनेजर को बंदरबाट की ।

### एक अन्य व्यक्ति को भी ठगा था आरोपी

पुलिस ने बताया कि विवेचना में आए तथ्यों के आधार पर डॉ प्रसाद शुक्ला निवासी देवसर के द्वारा रामकुमार गोंड के मध्यांचल ग्रामीण बैंक के खाते में अपनी फर्म शुक्ला आयरन से 100000 ट्रांसफर करने के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। जिसके आधार पर उक्त प्रकरण में डॉक्टर प्रसाद शुक्ला को आरोपी बनाया गया है जिस पर शीघ्र वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह की एक अन्य मामले में इनके डॉ प्रसाद शुक्ल द्वारा गलंदी साकेत का केसीसी लोन 2 लाख का कराया एवं उसे केवल खाते में 50000 दिए शेष डेढ़ लाख का फ्रॉड किया डेढ़ लाख रुपए का फ्रॉड किया गया था,जो बाद में गलंदी साकेत के द्वारा शिकायत करने पर उसको वापस किया गया है।

# नवजीवन बिहार में सिद्धेश्वर धाम महाराज का लगा दिव्य दरबार

## दो दिवसीय दिव्य दरबार में हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तगण, खोल दी लोगों की पर्ची





**सिंगरौली।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की तरह सिद्धेश्वर धाम सगमा सतना के पंडित आदर्श कृष्ण शास्त्री पर्ची से लोगों की समस्या सुनते हैं। सिंगरौली के जिला मुख्यालय बैढ़न नवजीवन बिहार सेक्टर नंबर 1 शिव मंदिर में दो दिवसीय दिव्य दरबार में हजारों की तादात में भक्तगण पहुंचकर अपनी व्यथा सुनाइए और उसका समाधान प्राप्त किया।

पंडित आदर्श कृष्ण शास्त्री सिद्धेश्वर धाम सगमा सतना का दिव्य दरबार नवजीवन विहार सेक्टर नंबर 1 शिव मंदिर में विगत 22 और 23 दिसंबर को दो दिवसीय लगा था। इस दरबार में भारी संख्या में भक्तगण पहुंचकर दिव्य दरबार के भक्तिमय माहौल में लीन रहे। बताया जाता है कि इस दिव्य दरबार में महाराज आदर्श कृष्ण शास्त्री के द्वारा पहले बालाजी सरकार और सन्यासी बाबा का जयकारा लगवाते हुए इसके पश्चात हनुमान जी का गदा भक्तगणों के सामने दिखाते हुए पर्चा बनाते हैं पर्चा बनाने के बाद भीड़ में से उस व्यक्ति को बुलाते हैं जिनका वह पहले से पर्चा बनाकर रखे रहते हैं कुछ ऐसा ही नवजीवन बिहार में देखने को मिला। भक्तगणो ने कहा कि बालाजी की कृपा है जो बता रहे हैं महाराज जी वही सही है।

नवजीवन विहार में जब दिव्य दरबार लगा हुआ था भारी संख्या में भक्तगण राम राम नाम का जाप कर रहे थे। जहां महाराज सिद्धेश्वर धाम के द्वारा पहले से ही पर्चा बनाकर रखा गया था जिसे बुलाते थे उसी का पर्चा हो जाता था। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के जैसे ही पर्चा बनाया जाता है। महाराज की दिव्य शक्ति को देखने के लिए भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

पंडित आदर्श कृष्ण शास्त्री सिद्धेश्वर धाम सगमा सतना ने बताया कि चित्रकूट रोड पर सगमा गांव है जहां सिद्धेश्वर धाम स्थित है शनिवार और मंगलवार को दिव्य दरबार लगता है। मैं मैहर बड़ा अखाड़ा का शिष्य हूं। बालाजी सरकार की कृपा से जनकल्याण के लिए निकला हूं।

# जिंदा बकरी को निगल गया अजगर, सोशल मीडिया में विडियो वायरल



**सिंगरौली।** विंध्यनगर थाना क्षेत्र के बस डिपो के पास स्थित झाड़ी में सोमवार को एक अजगर ने जिंदा बकरी को निगल गया। जिसका विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हलाकि वायरल विडियो की पुष्टि समाचार पत्र नही करता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हंसलाल बियार सोमवार को विंध्यनगर क्षेत्र के बस डिपो स्थित झाड़ी के पास बकरी चराने गया हुआ था। जहां उसकी एक बकरी को झाड़ी में छिपे विशालकाय अजगर ने निगल गया। जब हंसलाल बियार की नजर बकरी निगलते हुए अजगर पर पड़ी तो हल्ला गुहार मचाया। जहां काफी संख्या में भीड़ इकठ्ठा हो गया। वहीं लोगो ने विडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

# ग्राम पंचायत भरसेड़ा का कागजों में हो रहा विकास, मजदूरी भुगतान भी अधर में लटका

**सिंगरौली।** जिले के जनपद पंचायत देवसर अंतर्गत ग्राम पंचायत भरसेड़ा में चल रहे विकास कार्य कागजों तक सीमित हैं। भरसेड़ा में कई कार्य जमीनी स्थल पर नहीं हैं। हलाकि ग्राम पंचायत में कई विकास कार्य हुए, परंतु केवल कागजों में, ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक भरसेड़ा के दक्षिण टोला में पीसीसी रोड निर्माण के नाम पर सरपंच सचिव द्वारा पैसा आहरित कर लिया गया है जबकि हकीकत तो यह है कि वर्तमान सरपंच के कार्यकाल में भरसेड़ा के दक्षिण टोला में किसी प्रकार का कोई पीसीसी रोड निर्माण नहीं कराया गया है। इस तरह से ये सरपंच सचिव व इंजीनियर मिलकर शासन की पैसा को फर्जी तरीके से डकार रहे हैं। एवं सरकार की समृद्ध मध्य प्रदेश स्वर्णिम मध्य प्रदेश की सपना पर पानी फेरने से बाज नहीं आ रहे हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत भरसेड़ा में मजदूरों का मजदूरी भुगतान भी रुका हुआ है। ग्रामीण मजदूर अपने हाड़ तोड़ मेहनत की मजदूरी पाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि ग्राम पंचायत भरसेड़ा की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो कई ऐसे चौंकाने वाले तथ्य सामने आएंगे। भरसेड़ा का दक्षिण टोला का पीसीसी रोड तो केवल एक नमूना है। ग्रामीणों ने इस ओर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# नवविवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

**सिंगरौली।** सासन चौकी क्षेत्र के चांचर गांव में सोमवार की दोपहर एक नवविवाहिता ने घर के अंदर अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रेशमा शाह पति अरविंद कुमार शाह निवासी चांचर ने घर के अंदर अपने कमरे में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर लिया। परिजनों को जानकारी होने पर घटना की सूचना सासन चौकी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थल निरीक्षण कर पंचनामा प्रक्रिया उपरांत शव का पीम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इधर पुलिस जांच में जुटी है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रशासन गांव की ओर कार्यशाला का हुआ आयोजन

## 2047 तक जिले को प्रदेश का अंग्रणी जिला बनाने की कार्य योजना पर हुआ मंथन



**सिंगरौली।** 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक जिले में सुशासन संप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान जिले में विजन 2047 तक की कार्य योजना तैयार करने हेतु कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विजन 2047 डाक्यूमेंट पर चर्चा की गई।

विदित हो कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुसार देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने के लिए जिला स्तर पर कार्यशाला का सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुयें कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने कहा कि हमारा सिंगरौली जिला मध्यप्रदेश के सुदूर उत्तर-पूर्व में स्थित जनजाति बाहुल्य जिला है, जिसकी आबादी का 33 प्रतिशत जनजाति आबादी है । विशेष रूप से पिछड़ी जातियां जिन में बैगा,अगरिया इस जिले में प्रमुखता से अपनी उपस्थिति रखती हैं। विगत अर्द्ध शताब्दी से खनन परियोजनाएं कोल एवं थर्मल पावर की परियोजनाओं के जुगलबंदी में इस जिले के औद्योगिक परिदृश्य में व्यापक विस्तार किया है।सिंगरौली, देश में ताप विद्युत की सबसे बड़ी परियोजनाओं तथा बड़े उत्पादन वाला जिला है । अन्य महत्वपूर्ण खनिजों लेटराइट, बॉक्साइट के अलावा जिले में स्वर्ण अयस्क की भी संभावनाएं पाई जा रही हैं कार्यशाला के दौरान विकास से संबंधित मुख्य घटको पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें जिले की अधोसंरचना विकास के लिए यातायात के साधन, राष्ट्रीय राजमार्ग, वायुयान सेवा, रेल नेटवर्क,अंन्तरिक मार्ग सहित जल परियोजना में पेयजल की उपलंब्धता, जन संरचनाओं की सुरंक्षा एवं विकास, विद्युतिकरण सिचाई पर चर्चा की गई। वही उद्योग एवं रोजगार घटक के तहत औद्योगिक परिक्षेत्र, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग, सहकारिता, हस्तशिल्प, छोटी इकाइया एफपीओ, समूह के संगठित शक्ति, एन्टरप्रीन्युरशिप, औद्योगिक प्रदूषण एवं औद्योगिक रोजगार के विषय पर चर्चा की गई।

# रोजगार मेला सह कैरियर कांउसिलिग पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बैढ़न में आज

**सिंगरौली।** जिले के बेरोजगार युवक,युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से म.प्र. शासन के निर्देशानुसार युवा संगम अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला सह कैरियर कांउसिलिग जिला प्रशासन, रोजगार कार्यालय, सूक्ष्म एवं लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग एवं आई.टी.आई. सिंगरौली के संयुक्त रूप से दिनाक 24 दिसम्बर को सुबह 11.00 बजे से शांय 4 बजे तक पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिंगरौली में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें निम्नांकित कम्पनियां भाग ले रही है।


## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय बैढ़न जिला सिंगरौली (म.प्र.)

दूरभाष नं. 07806-292434 ई-मेल cssingrauli@gmail.com

क्रमांक/सि.स./ भण्डार शाखा/2024/7290 सिंगरौली, दिनांक 23.12.24

### निविदा आमंत्रण संशोधन

जिला चिकित्सालय बैढ़न जिला सिंगरौली में अनुपयोगी उपकरण / फर्नीचर एवं अन्य हास्पिटल सामग्री जो जहां है जैसी स्थिति में है। पत्र क्रमांक/ सि. स./ भण्डार शाखा/2024/ 6978 सिंगरौली, दिनांक 11.12.2024 के तहत बोली के माध्यम से नीलामी हेतु निविदायें आमंत्रित की गई थी जिसमें अंतिम तिथि 23.12.2024 रखी गई थी। उक्त निविदा में आंशिक संशोधन करते हुए निविदा जमा करने / खुली बोली का दिनांक / समय 03.01.2025 को दोपहर 03.00 बजे रखी जा रही है।

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक बैढ़न
जिला सिंगरौली ( म.प्र. )

# मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : सीईओ

**सीधी।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने कहा कि प्रदेश में 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान तथा 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर 2024 तक जन कल्याण पर्व मनाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करना है। अभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय के प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में भी यदि हितग्राही लाभ पाने से वंचित रह गए तो उन्हें 26 जनवरी 2025 के पूर्व लाभान्वित किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत ने अभियान का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया है कि चेकलिस्ट अनुसार प्रत्येक घर का सर्वे कर छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जाए। प्रत्येक परिवार के लिए जनकल्याण कार्ड बनाया जाए जिसमें उन्हें किन योजनाओं का लाभ मिल रहा है, प्रदर्शित किया जाए। अभियान के दौरान 70 वर्ष की आयु से अधिक प्रत्येक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अधिक से अधिक हितग्राहियों की टीबी सैम्पलिंग करना सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान ही सभी हितग्राहियों का समग्र ई-केवाईसी सुनिश्चित करें।

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने निर्देशित किया है कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा कर संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के लिए विभागीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें तथा निगरानी तंत्र को व्यवस्थित करें। विकासखंड स्तर पर एसडीएम सीईओ जनपद तथा संबंधित विभागों के साथ बैठक करके शिकायतों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता से लें और समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण दर्ज करे। समाधान ऑनलाइन में चयनित विषयों तथा 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। सीईओ जिला पंचायत ने सीपीग्राम में दर्ज सभी शिकायतों का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सीईओ जिला पंचायत ने खरीफ उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों से निश्चित मात्रा में खरीदी की जाए। प्रत्येक वारदाने में निश्चित मात्रा की ही तौल की जाए। उन्होंने बारिश की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सभी उपार्जन केंद्रों से धान का परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उपार्जन केंद्रों में भी धान को सुरक्षित रखने के सभी उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों की विकासखंडवार विस्तृत समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बैठक के लिए निर्देश जारी करने तथा जानकारी के साथ उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने नहरों से पानी की निर्बाध सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने बाल श्रम के विरुद्ध जिले में अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। सीईओ जिला पंचायत ने गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, कुसमी प्रिया पाठक, मझौली आर पी त्रिपाठी सहित सभी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राथमिकता सेक्टर को प्राथमिकता से ऋण उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

## जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर द्वारा स्वरोजगार योजनाओं के लक्ष्यों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही जिले के सीडी रेशियो की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर द्वारा जिले के सीडी रेशियो में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसमें वृद्धि के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के विकास में बैंकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। बैंक जिले में जितनी अधिक आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हैं उतनी ही तेजी से आर्थिक क्षेत्र में विकास होता है। कलेक्टर ने कहा कि सीधी जिले के परिवेश को दृष्टिगत रखते हुए प्राथमिकता सेक्टर को प्राथमिकता पर ऋण उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों तथा बैंकर्स को आपसी समन्वय स्थापित कर स्वरोजगार योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे सभी प्रकरण जो स्वीकृत हैं उन्हे प्राथमिकता पर ऋण का वितरण किया जाना सुनिश्चित करायें। कलेक्टर ने कहा कि स्वरोजगार योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई या भटकाव नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि जिन प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में नहीं हुआ है उसमें स्पष्ट रूप से कारण लिखकर जानकारी से अवगत कराए। सभी विभाग प्रमुख बैंकर्स के साथ बैठकर निर्धारित समय मंगलवार को 3 बजे जाकर प्रकरणों का निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि जनकल्याण पर्व और सुशासन सप्ताह में बैंकर्स ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों का निराकरण करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, लीड बैंक मैनेजर बृजेश श्रीवास्तव, आरबीआई के श्रवण एस तथा नाबार्ड के जी डी गोपेस सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। 01 जनवरी 2025 से बैंकों में 10 से 04 बजे तक वित्तीय लेन-देन का कार्य किया जाएगा।



## सुशासन सप्ताह अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

# अभियान का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन के साथ सुशासन को बढ़ावा देना है : सीईओ

**सीधी।** सुशासन सप्ताह के अवसर पर अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी अंशुमन राज की अध्यक्षता में जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष भारत सरकार द्वारा 19 से 24 दिसंबर 2024 तक सुशासन सप्ताह मनाया जाने का निर्णय लिया गया है। प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग भारत सरकार द्वारा सुशासन सप्ताह हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गाव की ओर 2024 अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जन समस्याओं का निराकरण किया जाकर अधिक से अधिक व्यक्तियों को सेवाओं का लाभ प्रदान किया जाना है। उन्होने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन के साथ सुशासन को बढ़ावा देना है। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि अभियान के दौरान विशेष शिविरों में निवारण की गई शिकायतों की संख्या, सी.पी.जी.आर.ए.एम. एस. में निवारण की गई शिकायतों की संख्या, सी.एम हेल्पलाइन पोर्टलों पर निवारण की गई शिकायतों की संख्या, लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत निराकृत की गई सेवाओं की संख्या, निराकृत किए गए सेवा वितरण आवेदनों की संख्या, सुशासन की श्रेष्ठ प्रथाओं का संकलन कर उन्हें पोर्टल पर चित्र सहित साझा करना, सार्वजनिक शिकायतों के समाधान पर सफलता की कहानियाँ का विवरण दैनिक प्रगति पोर्टल पर फीडिंग की जाएगी। जनता की शिकायतों के समाधान और बेहतर सेवा वितरण के लिए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान हेतु आयोजित शिविरों के साथ साझा शिविर/कार्यक्रम आयोजित करेंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत निराकृत किए गये आवेदनो /शिकायतों/ सेवाओं को भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में शुभारम्भ हुआ राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता

**सीधी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. आर.पी. सिंह क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक रीवा-शहडोल संभाग के मुख्य अतिथ्य में शुरू हुआ। प्रतियोगिता में कुल 09 टीमों भोपाल सागर, इन्दौर, रीवा, जबलपुर, छिंदवाड़ा, छतरपुर, खरगौन, उज्जैन ने प्रतिभाग किया। मैच का उद्घाटन खरगौन और भोपाल की टीम के मध्य प्रतियोगिता प्रारंभ करके किया गया।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ सिंह ने अपने उद्बोधन में खेल को मानसिक शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। विशिष्ट अतिथि के रुप में श्री अमलेश्वर चतुर्वेदी ने अपने वक्तव्य में खेलों में अनुशासन की भावना को बनाए रखने पर बल दिया।उक्त प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के रुप में मेजर डॉ. विभा श्रीवास्तव प्राचार्य शा. कन्या महाविद्यालय रीवा, डॉ. रावेन्द्र बहादुर सिंह चौहान विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र सं.गॉ. स्मृति शा. महाविद्यालय सीधी, डॉ. सुरेन्द्र बहादुर सिंह पूर्व प्राचार्य शा. कन्या महाविद्यालय सीधी, श्रीमती मीना गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाज सेविका सीधी, डॉ. विनोद प्रजापति विभागाध्यक्ष गणित सं.गॉ. स्मृति महाविद्यालय सीधी, डॉ. विनोद राय वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी सीधी एवं सिंगरौली उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. ओ.पी. नामदेव प्राचार्य शा. कन्या महाविद्यालय, सीधी के द्वारा की गई। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. नामदेव ने समस्त अतिथियो का स्वागत करते हुए प्रतिभागियों में बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरणा एवं शुभकामना दी।

मंच संचालन डॉ. हरिचरण अहिरवार एवं डॉ. दिलीप कुमार सोनी द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता के आयोजन सचिव श्री अजय कुमार यादव क्रीड़ा अधिकारी शा. कन्या महाविद्यालय सीधी ने प्रतियोगिता का विवरण प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के आयोजन मण्डल में मुख्य रुप से रीवा संभाग के समस्त क्रीड़ा अधिकारी व सीधी अग्रणी महाविद्यालय के डॉ. रवीन्द्र नाथ सिंह, कन्या महाविद्यालय के डॉ. देवेन्द्र कुमार सोनी, डॉ. राजेश कुमार साहू, डॉ. प्रतिमा कौल, डॉ. आका सिंह तिवारी, श्री कैलाश वर्मा, डॉ. बालेन्द्र पटेल, डॉ. सतेन्द्र उपाध्याय, प्रो. पुष्पेन्द्र कुमार शाह, डॉ. विनोद साकेत, लेफ्टीनेंट श्री यू.के. साहू, श्रीमती सिया सिंह, दुर्गा सिंह, श्री अनिल सिंह, श्री मान सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। समाचार लिखे जाने तक शुरुआती मैचों में खरगौन वर्सेज भोपाल मे भोपाल विजेता रही, रीवा वर्सेज छतरपुर में रीवा विजेता रही तथा रानी अवन्ती बाई वि.वि. सागर को ग्वालियर से वाकओवर प्राप्त हुआ। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के सेमीफाइनल व फाइनल मैच 24 दिसम्बर 2024 को खेले जाएँगे।

# सुशासन सप्ताह अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

## अभियान का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन के साथ सुशासन को बढ़ावा देना है : सीईओ

**सीधी।** सुशासन सप्ताह के अवसर पर अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी अंशुमन राज की अध्यक्षता में जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष भारत सरकार द्वारा 19 से 24 दिसंबर 2024 तक सुशासन सप्ताह मनाया जाने का निर्णय लिया गया है। प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग भारत सरकार द्वारा सुशासन सप्ताह हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गाव की ओर 2024 अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जन समस्याओं का निराकरण किया जाकर अधिक से अधिक व्यक्तियों को सेवाओं का लाभ प्रदान किया जाना है। उन्होने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन के साथ सुशासन को बढ़ावा देना है।



सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि अभियान के दौरान विशेष शिविरों में निवारण की गई शिकायतों की संख्या, सी.पी.जी.आर.ए.एम. एस. में निवारण की गई शिकायतों की संख्या, सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टलों पर निवारण की गई शिकायतों की संख्या, लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत निराकृत की गई सेवाओं की संख्या, निराकृत किए गए सेवा वितरण आवेदनों की संख्या, सुशासन की श्रेष्ठ प्रथाओं का संकलन कर उन्हें पोर्टल पर चित्र सहित साझा करना, सार्वजनिक शिकायतों के समाधान पर सफलता की कहानियाँ का विवरण दैनिक प्रगति पोर्टल पर फीडिंग की जाएगी। जनता की शिकायतों के समाधान और बेहतर सेवा वितरण के लिए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान हेतु आयोजित शिविरों के साथ साझा शिविर/ कार्यक्रम आयोजित करेंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत निराकृत किए गये आवेदनों/ शिकायतों/ सेवाओं को भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा।

कार्यशाला में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, कुसमी प्रिया पाठक, मझौली आर पी त्रिपाठी सहित सभी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नायब तहसीलदार मिश्रा को तहसील मझौली के वृत्त जोवा की जिम्मेदारी

**सीधी।** अपर कलेक्टर ने आदेश जारी कर प्रशासनिक कार्य सुविधा के दृष्टि से आशीष कुमार मिश्रा (परि.) नायब तहसीलदार तहसील मड़वास जिला सीधी को आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप से तहसील मझौली (वृत्त-जोवा) में पदस्थ किया गया है।

जारी आदेशानुसार श्री मिश्र (परि.) नायब तहसीलदार अपना रिपोर्टिंग प्रभारी तहसीलदार मझौली को करेंगे तत्पश्चात सौपे गये दायित्व का निर्वहन करेंगे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी को

## आवेदन में त्रुटि सुधार के लिए विद्यालय में करें संपर्क

**सीधी**

प्रभारी प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट ने जानकारी देकर बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट के कक्षा 6वीं में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से भरा जा चुका है। कक्षा 6वीं के प्रवेश हेतु दिनांक 18.01.2025 को परीक्षा का आयोजन होने जा रहा है। समस्त प्रतिभागियों को सूचित किया गया है कि इस वेबसाइट के माध्यम से प्रतिभागी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं और आवेदन भरते समय किसी भी प्रकार की विसंगति/त्रुटि/गलती हो गयी हो तो नवोदय विद्यालय चुरहट में मूल दस्तावेजों के साथ दिनांक 05.01.2025 तक उपस्थित होकर विसंगति/त्रुटि/गलती सुधार करा सकते हैं।

# अटल संध्या का भव्य आयोजन 25 दिसंबर को मानस भवन में

**सीधी**

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा के संयोजकत्व में 25 दिसंबर को अटल संध्या का आयोजन शायं काल 6 बजे से स्थानीय मानस भवन सीधी में हर्ष उल्लास के साथ संपन्न होगा। अटल संध्या कार्यक्रम में भारत रत्न, कवि श्रेष्ठ, भारत माता के लाडले सपूत पंडित अटल बिहारी वाजपेई को पुष्पांजलि के पश्चात कविता पाठ, भजन एवं अटल जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर केंद्रित विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि एवं अध्यक्षता लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा की रहेगी, वही विशिष्ट अतिथि के रूप में सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक एवं मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री पूर्व विधायक शरदेन्दु तिवारी उपस्थित रहेंगे।

# 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। ग्राम कटौली तहसील रामपुर नैकिन जिला सीधी के नंदलाल कोल की दिनांक 07.03.2024 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से निकटतम वारिस पत्नी शांति कोल को 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# चमरौहा, अमिलिया एवं सेमरी में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत शिविर आयोजित

**सीधी।** केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित व्यक्तियों एवं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करने की मंशा से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान प्रारंभ किया गया है। आप सभी बढ़ चढ़कर अभियान में हिस्सा लें ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिल सके। उक्त बातें विधायक सिहावल श्री विश्वामित्र पाठक ने ग्राम पंचायत चमरौहा, अमिलिया एवं सेमरी में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान कार्यक्रम में हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं कन्यापूजन कर विधिवत शुभारंभ किया गया।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक श्री विश्वामित्र पाठक ने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने अभियान में सम्मिलित 45 जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली 63 सेवाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आप लोग योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रतानुसार आवेदन करें आपका आवेदन पंजीकृत कर पोर्टल पर दर्ज होगा। शिविर में निराकरण योग्य आवेदनों का निराकरण यहीं पर कराकर आपको हितलाभ दिया जाएगा। शेष आवेदनों का निराकरण 26 जनवरी 2025 के पूर्व कराकर आपको योजना से लाभान्वित एवं सूचित किया जाएगा। आवेदन अस्वीकृत की दशा में भी अस्वीकृत के कारण से अवगत कराया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक ने उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि इस अभियान में गठित संपर्क दल घर-घर जाकर योजनाओं एवं अभियान की जानकारी दे एवं पात्रतानुसार आवेदन ले ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न रहे। अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं जिससे योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को जानकारी मिल सके एवं आवेदन कर पात्रतानुसार लाभ ले सकें। शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाणपत्र वितरित किए गए। उपखण्ड अधिकारी श्री एस पी मिश्रा ने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में शामिल योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली सेवाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आप सभी अपनी समस्याओं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन निर्धारित स्टाल में दें, आपके आवेदन का पंजीयन पोर्टल पर होगा। आवेदन पर क्या कार्यवाही ध्निराकरण हुआ अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती धर्मी पटेल सरपंच चमरौंहा, श्रीमती पार्वती वर्मा सरपंच अमिलिया, उषा पटेल सरपंच सेमरी, श्री रविशंकर मिश्रा अभियान प्रभारी सिहावल, श्रीमती साक्षी गौतम तहसीलदार सिहावल, श्री अखिलेश तिवारी प्रबंधक एनआरएलएम, श्रीमती अनुसुइया वाजपेई सीडीपीओ, श्री सिद्दार्थ गौतम, श्री जय शंकर द्विवेदी, श्री कपूरचंद्र शाहू, श्री गजराज सिंह, श्रीमती उषागोपाल पटेल, श्री अनिल गुप्ता, श्री प्रदीप शुक्ला, श्री भोले सिंह, खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, हितग्राही बंधु, गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### मुंबई हादसे को लेकर नौका कंपनियां कटघरे में

मुंबई में पर्यटन के लिए निकले यात्रियों को क्या पता था कि वे हादसे की नौका पर सवार हैं! बुधवार को हुई दुर्घटना ने एक बार फिर कई सवाल खड़ा कर दिए हैं, जिसमें घोर बदइंतजामी उजागर हुई है। इंजन परीक्षण के लिए जा रहा नौसेना का पोत अचानक नियंत्रण खो देगा, शायद इसकी कल्पना न तो इसके चालकों ने की होगी और न पर्यटकों को ले जा रही नौका के चालक सदस्यों ने। मगर इस घटना में जिस तरह की खामियां और लापरवाही सामने आई है, वह गंभीर है। दुर्घटना से पहले यह नौका गेटवे आफ इंडिया से पर्यटकों को लेकर एलिफेंटा द्वीप जा रही थी। उस समय इस पर एक सौ दस से अधिक यात्री सवार थे। जबकि नौका की क्षमता अस्सी यात्रियों की थी। सवाल है कि निर्धारित संख्या से अधिक यात्रियों को ले जाने की अनुमति किसने दी? संयोग की बात है कि हादसे के तुरंत बाद समुद्री पुलिस, तटरक्षक बल और नौसेना के बचाव दल के साथ मछुआरों ने भी आगे आकर निन्यानबे पर्यटकों को डूबने से बचा लिया। अगर जरा भी देरी हुई होती, तो कई और यात्रियों की जान चली जाती। दुखद है कि तीन नौसैनिकों और दस नागरिकों को नहीं बचाया जा सका। यात्रियों को सामान की तरह लाद कर ले जाने वाली नौका का संचालन करने वाली कंपनी अगर यात्रियों की निर्धारित संख्या का नियम तोड़ने पर सख्ती दिखाती और नौका पर हर यात्री के लिए जीवनरक्षक जैकेट न रखने जाने पर परिचालन कर्मियों से जवाब-तलब करती, तो शायद यह नौबत नहीं आती। समुद्र में पोत की टक्कर से नौका पलटने पर आखिर यात्री अपनी जान कैसे बचाते? हादसे में बचे पर्यटकों ने शिकायत की कि नौका पर उनके लिए पर्याप्त जीवनरक्षक जैकेट नहीं थे।यात्रियों की सुरक्षा की चिंता किए बिना नाव किस आधार पर चलाई जा रही थी? जाहिर है, ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए यात्रियों के जीवन को जोखिम में डालने वाली नौका कंपनियों को भी कठघरे में खड़ा किया जाना चाहिए। प्रशासन ने अब नाव पर सवार होने वाले सभी यात्रियों के लिए जीवनरक्षक जैकेट बेशक अनिवार्य कर दिया हो, लेकिन ऐसे कदम हादसे के बाद उठाने के बजाय अगर नियमित सुरक्षा इंतजामों की निरंतर जांच और निगरानी हो, तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।

**शीतकालीन सत्र के समापन से एक दिन पूर्व संसद भवन के मकर द्वार पर जो हुआ, वह अकल्पनीय था। सत्ता पक्ष का आरोप है कि प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी और उनकी अगुवाई में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी सांसदों के धक्के से उनके दो लोकसभा सदस्य घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इसके विपरीत, कांग्रेस का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने न केवल उनका रास्ता रोका, बल्कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे को जबरदस्ती पीछे धकेलने की कोशिश की। इस धक्का-मुक्की से 82 वर्षीय बुजुर्ग खरगे के पैर में चोट आई है। दोनों पक्षों ने शिकायतें दर्ज करा दी हैं।**

# मर्यादा भूलते हमारे माननीय

(शशि शेखर)

शीतकालीन सत्र के समापन से एक दिन पूर्व संसद भवन के मकर द्वार पर जो हुआ, वह अकल्पनीय था। सत्ता पक्ष का आरोप है कि प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी और उनकी अगुवाई में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी सांसदों के धक्के से उनके दो लोकसभा सदस्य घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इसके विपरीत, कांग्रेस का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने न केवल उनका रास्ता रोका, बल्कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे को जबरदस्ती पीछे धकेलने की कोशिश की। इस धक्का-मुक्की से 82 वर्षीय बुजुर्ग खरगे के पैर में चोट आई है। दोनों पक्षों ने शिकायतें दर्ज करा दी हैं। मामला लोकसभा अध्यक्ष के अलावा संसद मार्ग थाने तक पहुंच गया है।

तय है, बात निकली है, तो दूर तलक जाएगी। दोनों ही पक्ष अपने-अपने तरीके से बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के नाम को भुनाने की कोशिश करेंगे। बाबा साहेब का नाम एक वर्ग विशेष के वोट दिलाने वाला जो साबित होता है।

इस सिलसिले में विस्तार से चर्चा के पहले घटना का संक्षिप्त ब्योरा। बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में अपने वक्तव्य में डॉ आंबेडकर का जिक्र किया था। इस पर मल्लिकार्जुन खरगे का कहना था कि उन्होंने बाबा साहेब का अपमान किया। खरगे के उस ट्वीट ने वही काम किया, जो सूखे जंगल में चिनगारी करती है। देखते-देखते हर विपक्षी नेता ने अपने-अपने तरीके से गृह मंत्री के शब्दों की व्याख्या करनी शुरू कर दी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तो जनता दल(यू) के नीतीश कुमार और तेलुगु देशम पार्टी के अगुवा चंद्रबाबू नायडू को पत्र लिखकर मांग तक कर डाली कि वे आंबेडकर का अपमान करने वालों से खुद को अलग करें।

यह सब तब हो रहा था, जब खुद अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना मंतव्य स्पष्ट कर चुके थे। राजनीति से वे दिन विदा हो गए हैं, जब कोई नेता अपने मन की बात सामने रखता था और दूसरा उसके मर्म को समझने का प्रयास करता था।

जिन बाबा साहेब आंबेडकर के नाम पर यह हंगामा बरपा है, वह खुद सहनशीलता की मिसाल थे। ऐसा न होता, तो आंबेडकर उसी समय बोरिया-बिस्तर समेटकर अमेरिका रवाना हो गए होते, जब बड़ौदा में उन्हें एक पारसी सराय से धक्के मारकर सिर्फ इसलिए निकाल दिया गया था, क्योंकि वह दलित थे। यह हाल तब था, जब आंबेडकर को बड़ौदा के महाराज का राज्याश्रय प्राप्त था। इसके बावजूद पूरे शहर में कोई उनको अपना आवास देने को तैयार न था। नाम बदलकर वह उस सराय में ठहरे थे, लेकिन उनकी जाति छिपी न रह सकी और फिर लाठी-डंडों से लैस पारसियों के झुंड ने सराय पर हमला बोल दिया। डॉ आंबेडकर को अपना सामान और पुस्तकें समेटकर सारी रात एक पार्कके कोने में गुजारनी पड़ी थी।



इतने बड़े अपमान के बावजूद उन्होंने पारसियों से नहीं, बल्कि हमेशा उस व्यवस्था से लड़ने की कोशिश की, जो मनुष्य को मनुष्य से जुदा करती है। यही वजह है कि उनके निधन के 68 वर्ष बाद आज हमारे माननीय अपने-अपने तरीके से उन पर हक जताने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा करते वक्त वे यह भूल गए हैं कि खुद उनके तौर-तरीकों को बाबा साहेब कभी जायज नहीं ठहरा सकते थे।

हमारे माननीय सुविधापूर्वक भूल जाते हैं कि उनके मतदाताओं ने उन्हें इस आचरण के लिए नहीं चुना था। वोट डालते समय लोग अपनी भलाई और विकास चाहते हैं। क्या उन्हें यह हासिल हो पा रहा है? रोजगार, जलवायु, सीमा सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, महिलाओं का सम्मान और सभी वर्गों के समान विकास जैसे मुद्दों पर कभी आपने संसद में कोई गंभीर चर्चा सुनी है? एक समय था, जब मैं खुद लोकसभा और राज्यसभा टेलीविजन पर 'डिबेट्स' को लाइव सुना करता था। हालांकि, उस समय ऐसे लोग थे, जो कहते थे कि अब संसद में पहले जैसे बोलने वाले नहीं रहे। इसके बावजूद अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज, चंद्रशेखर, लालू यादव, जावेद अख्तर आदि अपने-अपने तरीके से आम आदमी की बात रखते थे।

पिछले कुछ वर्षों से यह सिलसिला बाधित हो गया है। ऐसा लगता है, जैसे हम लोग राजनीतिक प्रक्रिया का सर्वोच्च आदर्श देखने के बजाय एक ऐसी फिल्म देख रहे हैं, जिसमें रोमांच विहीन नफरत है। क्या कमाल है? विपक्ष तो आरोप लगाता ही है, पर जो सत्ता में हैं, वे भी आरोप ही अलापते हैं। यह तू-तू, मैं-मैं का सिलसिला कब बंद होगा? हमारी संसद की एक दिन की कार्यवाही लगभग नौ करोड़ रुपये की बैठती है। इतने में तो किसी एक गांव या मुहल्ले में बाधित पड़े जन विकास के तमाम काम पूरे हो जाएंगे। हमारे 'माननीय' कभी इस साधारण से मुद्दे पर भी विचार कर देखें, जनता ने इसीलिए तो उन्हें चुनकर वहां भेजा है।

एक बात और। चाहे भगवान श्रीराम हों, महात्मा गांधी हों या डॉ भीमराव आंबेडकर। हर वह अवतार या शख्सियत, जो वोट दिलवा सकती है, इस संसद के हंगामेपूर्ण विमर्श का विषय बन जाती है। क्या कभी इनमें से किसी एक ने उनके आदर्शों पर चलने की ठानी है? आंबेडकर और गांधी में विरोध था, लेकिन इसके बावजूद गांधी और नेहरू ही थे, जिन्होंने उनसे अनुरोध किया था कि वह संविधान की 'ड्राफ्टिंग कमिटी' के चेयरमैन का पद स्वीकार करें।

याद रखें। गांधी और आंबेडकर अलग-अलग चलते हुए दिखाई पड़ते थे, लेकिन दोनों का मकसद एक ही था। आंबेडकर दलितों का संपूर्ण उद्धार चाहते थे। गांधी इस वर्ग के प्रति सदियों पुराना भेदभाव मिटाने के लिए दलित बस्तियों में ठहरते थे। उन्होंने हरिजन नाम का अखबार भी निकाला था। हालांकि, आंबेडकर इसे प्रतीकात्मक कहते थे, परंतु उन्हें क्या मालूम था कि आने वाले वर्षों में नाटकीय प्रतीकवाद मूल मुद्दों की जगह ले लेगा? मैं यहां कांग्रेस के सदस्यों की मंशा पर सवाल नहीं उठा रहा, लेकिन यह सच है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जब नीले कपड़े पहनकर संसद में आए, तब उन्होंने एक निश्चित वर्ग को संदेश देने की कोशिश की। इससे उस वर्ग का कितना भला होना था? वैसे ही, जैसे प्रियंका गांधी वाड्रा एक दिन फलस्तीन, तो दूसरे दिन बांग्लादेश लिखा हुआ बैग टांगकर संसद पहुंचीं। इससे वह तो चर्चा में आ गईं, लेकिन उन देशों की जनता का क्या भला हुआ?

अंत में, भारतीय लोकमानस के अनंतिम नायक श्रीराम का एक उदाहरण। रामचरितमानस में राम के राज्याभिषेक का जबरदस्त प्रसंग है। राम सत्ता सम्हालते वक्त अयोध्यावासियों से अनुरोध करते हैं कि आप यदि मेरे द्वारा किए गए फैसलों में कोई गलती पाएं, तो मुझे टोकने का अधिकार आपके पास होगा। क्या हम और आप अपने माननीय सांसदों में किसी एक को भी टोकनेका हक-हुकूक रखते हैं? हमारा लोकतंत्र इतना सहमा और संकुचित क्यों है?

# महाकुम्भ पर मडराता आतंक का साया

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

देश में महाकुम्भ की तैयारियां जोरों पर हैं। केन्द्र और प्रदेश सरकारें पूरे जोर-शोर के साथ अध्यात्म के इस महापर्व की सफलता हेतु जुटीं है। प्रचार-प्रसार से लेकर व्यवस्थाओं तक में युद्धस्तर के प्रयास देखने को मिल रहे हैं। दूसरी ओर विभिन्न् प्रान्तों में प्राचीनकालीन मंदिरों की खोज में विभिन्न संगठन अपनी शक्तियों को झौक रहे हैं। अनेक स्थानों पर आक्रान्ताओं व्दारा स्थापित किये गये मजहबी केन्द्रों को सनातनी देवालयों के रूप में चिन्हित करने हेतु न्यायालयीन प्रक्रिया भी चल रही है। ऐसे में कट्टरपंथियों की जमातें चुपचाप पर्दे के पीछे से षडयंत्र करने में जुट गई हैं। गुप्त सूचनाओं के आधार महाकुम्भ में अप्रिय घटनाओं को अंजाम देने के लिए सीमापार से भारत के मीर जाफरों की फौज को सक्रिय कर दिया गया है, जो समाज के विभिन्न क्षेत्रों में छद्मवेष धारण करके राष्ट विरोधी, मानवता विरोधी और समाज विरोधी कार्यों को अपने आकाओं के आदेशों पर निरंतर सम्पन्न कर रहे हैं। आतंक के आकाओं की विध्वंसात्मक सरगर्मियों की जानकारी होते ही शासन ने प्रयागराज में सीबीआरएनई टीम गठित कर दी है जो कैमिकल अटैक से निपटने में सक्षम बताई जाती है। इसी तरह बम निरोधी दस्तों की संख्याओं में भी इजाफा किया गया है। साइबर अटैक से निपटने के लिए विशेषज्ञों की सेवायें सुनिश्चित की गई है। एनआईए व्दारा विशेष चौकसी बरतने हेतु गुप्त स्थान निर्धारित किये जा चुके है जहां से आयोजन स्थल पर पूरी तरह से निगरानी की जा सकेगी। कहा जाता है कि ऐसे ही अनेक प्रयासों को मूर्तरूप देने में जुटी सरकार के सुरक्षात्मक उपायों की जानकारी सरकारी सेवाओं मे मौजूद कट्टरवादी अपने सरगनाओं को निरंतर भेज रहे हैं। सूत्रों की मानें तो देश के अन्दर सक्रिय आतंकी संगठनों के अलावा दुनिया भर के कट्टरपंथियों के अलग-अलग गिरोहों ने भी श्रध्दालुओं के वेष में प्रयागराज पहुंचकर वहां के अखाडों, धार्मिक संस्थाओं और समाजसेवी संगठनों में घुसपैठ बना ली है। इन्होंने स्वयंसेवी कार्यकर्ता के रूप में अनेक खेमों में अपने सेवायें देने के नाम पर उत्तरदायी लोगों का विश्वास जीतना शुरू कर दिया है। शाही स्नान से लेकर वीआईपी मूवमेन्ट तक को निशाना बनाने के षडयंत्र के साथ-साथ आम श्रध्दालुओं को आहत करने, सनातन पर आघातकरने तथा भय का वातावरण निर्मित करने के मंसूबों को पूरे करने हेतु आधार तैयार कर लिया है। विश्वमंच पर देखें तो समूची दुनिया के सामने पाकिस्तान के बाद अब बंगलादेश की सरकार के संरक्षण में भी हिन्दुओं पर 2000 से अधिक पूर्वनियोजित आक्रमण खुलेआम हुए हैं। हाल ही में वहां के दिनाजपुर तथा मैमनसिंह इलाकों में मंदिरों में जमकर तोडफोड की गई। मूर्तियों को खण्डित किया गया। श्रध्दालुओं की हत्यायें की गई। हलुआघाट में भी दो मंदिरों की तीन मूर्तियां कट्टरता की भेंट चढ गई। यह सब वहां की पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी और सरकार के नुमाइन्दों के सामने होता रहा। बेलडोरा संघ में पोलाशकंद काली मंदिर में भी ऐसा ही कृत्य सामने आया। संयुक्तराष्ट्र संघ के सामने लम्बे समय से हिन्दुओं पर अनेक देशों की सरकारों के संरक्षण में हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है परन्तु वहां के उत्तरदायी अधिकारी मौन हैं। जबकि संयुक्त राष्ट संघ व्दारा मुसलमानों के लगाये जाने वाले झूठे आरोपों पर तत्काल सक्रियता दिखाई जाती है, अपने समीक्षा दल पहुंचाता जाता है और जारी कर दी जाती है निर्देशों की लम्बी फेरिस्त। ताजा घटना क्रम में जर्मनी के मैगडेबर्ग में एक क्रिसमस मार्केट में कट्टरपंथी तालिब अल अब्दुलमोहसेन ने गाडी से भीड को रौदकर सरेआम आतंक का परचम फहराया जिसमें दर्जनों लोग प्रभावित हुए। आरोपी कट्टरपंथी ने 18 साल पहले साउदी अरब से यहां आकर मनोचिकित्सक का जाम पहन लिया था। तालिब अल अब्दुलमोहसेन को साउदी अरब ने मोस्टवांटेड अपराधी घोषित कर रखा है जिस पर आतंकवाद फैलाने, यूरोप और खाडी के देशों से लडकियों की तस्करी करने जैसे अनेक आरोप पंजीकृत है। इस आरोपी को साउदी अरब प्रत्यार्पित करने तथा राजनैतिक शरण देने के मामले लम्बे समय से फाइलों में बंद पडे रहे। जर्मनी की राजधानी बर्लिन से 150 किलोमीटर दूर सैक्सोनी-एन्हाल्ट की राजधानी मैगडेबर्ग के व्यस्ततम इलाके में घटी इस घटना ने 8 साल पहले क्रिसमस के मौके की वारदात की यादें ताजा कर दी जिसमें एक ट्यूनीशियाई नागरिक अनीस अमरी ने बर्लिन के एक भीड भाड वाले क्रिसमिस बाजार में ट्रक से भीड को कुचला था। ऐसा ही 14 जुलाई 2016 को भी फ्रांस के नीस शहर में समुद्र के किनारे लोकतंत्र की स्थापना के मनाये जाने वाले जश्न के दौरान भी हुआ था। तब इस्लामिक स्टेट के आतंकी ने 70 किलोमीटर की रफ्तार से ट्रक व्दारा 2 किलोमीटर तक लोगों को रौदा था। अलकायदा तथा इस्लामिक स्टेट ने अमेरिका से सीखे इस लोन वुल्फ अटैक के नायब तरीकों को अपनी आक्रामक नीतियों में प्रमुखता से शामिल कर लिया है। यमन, सीरिया और ईराक में संरक्षित खूंखार आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के प्रवक्ता अबू मोहम्मद अल अदनानी ने सितम्बर 2014 को तो खुलेआम लोन वुल्फ अटैक की अपील की थी। अपुष्ट सूत्रों की मानें लोन वुल्फ अटैक सहित आतंक की अनेक विधाओं को अमली जामा पहाने हेतु सीमापार बैठे हैन्डर्स व्दारा भारत में सक्रिय अपने धरातली एजेन्टों को भारी मात्रा में पैसा, हथियार और विस्फोटक पहुंचाया जा चुका है। महाकुम्भ में सेवक, संत, साधु जैसे छद्मवेषधारियों व्दारा मानवबम, ड्रोन अटैक, लोन वुल्फ अटैक, टाइमबम, सीरियल ब्लास्ट, शार्ट सर्किट, अग्निकाण्ड, भगदड, अफवाह जैसे हथियारों के उपयोग की आशंका तीव्र होती जा रही है। ईमानदाराना बात तो यह है कि महाकुम्भ पर मडराता आतंक का साया आयोजकों के लिए एक बडी चुनौती बन गया है। इस हेतु आम आवाम को भी सजग, सचेत और सावधान रहने की आवश्यकता है तभी आस्था की डुबकी से अध्यात्मिक संपदा प्राप्त की जा सकेगी। इस बार बस इतनी ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

## वर्ग पहेली 5591

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | ■ | 6 |
| 7 | | | | | ■ | 8 | |
| | ■ | | ■ | ■ | 9 | | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | | | |
| ■ | | ■ | 13 | | | | |
| 14 | | | | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 15 | ■ | 16 |
| 17 | | | | ■ | 18 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1961 को इस अमेरिका के प्रथम अश्वेत एंव 44 वें राष्ट्रपति ने जन्म लिया था (6)
7. निराकरण या समाधान करना (5)
8. सड़क, मार्ग (अंग्रेजी)(2)
9. पहर-पहर पर घंटा बजने का शब्द, समय घोष (3)
10. चोचला, ठसक, हाव-भाव (3)
12. अज्ञात, अप्रसिद्ध, नामहीन, अख्यात (4)
13. दूरदर्शन पर पूर्व प्रसारित धारावाहिक महाभारत के संगीतकार (5)
14. युवराज, नवाबज्यादा, पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता (5)
17. भगवान, ईश्वर, प्रभु (4)
18. जिंदगी, हयात, पुरानी फिल्मों के ये अभिनेता अपनी खल-भूमिका के लिए जाने जाते थे (1915-1987) (3)

**ऊपर से नीचे**

1. यह अरब देश है जिसमें 33 छोटे-छोटे द्वीप शामिल है इस देश की राजधानी मनामा है (4)
2. लार, वार्निश, गोंद (2)
3. क से ह तक की वर्णमाला (4)
4. अभिमुखता, दिशा में, तरफ (2)
5. वेष, विन्यास, पहनावा, पोशाक (2)
6. मुगल शासक अकबर के शासन काल में नवरत्नों में से एक थे जिसने भूमि पैमाईश का आयोजन किया था (5)
8. वह डायरी जिसमें प्रतिदिन की कार्यवाही का विवरण लिखा जाता है (5)
9. खुशबू, महक, संगीत का विशेष कंपन (3)
11. शास्त्रीय संगीत में षड्ज स्वर (3)
12. परस्पर निर्वाह या जीवन निर्वाह, रास्ता (3)
13. महर्षि वाल्मीकि का प्रसिद्ध पौराणिक ग्रंथ (4)
14. प्रेम करना, अजीज मानना, दिल में जगह देना, मन लगाना, रीझना (3)
15. 332 द्वीप वाले द्वीपपुंज की राजधानी सुवा है (3)
16. गौरव की भावना, प्रतिज्ञा, संकल्प (2)

### वर्ग पहेली 5590 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | य | दे | व | ■ | सा | के | त |
| ग | म | न | ■ | बा | त | ■ | पा |
| दं | ■ | दा | वा | ■ | हिं | स | क |
| बा | ब | र | ■ | गा | दु | र | ■ |
| ■ | र | ■ | रे | ■ | स्ता | ■ | भू |
| अ | सी | म | ■ | सो | नी | प | त |
| टू | ■ | हा | ना | ■ | ■ | ■ | ना |
| ट | ह | ल | ना | ■ | श | प | थ |

## प्रेम ही जीवन

(श्री प्रमोद दुबे)

प्रेम इन मायनों में अद्भुत है कि वह भय मुक्त कर देता है। प्रेम जीवन को विस्तार देता है और जहां विस्तार होगा वहां तनाव भी होगा। बिना तनाव के विस्तार नहीं हो सकता। लेकिन हमारा मन तनाव से मुक्ति की राह पकड़ता है। यही भागना है। क्योंकि यही आसान है। फिर हम जीवन में ही दोष तलाशते हैं कि वह हमें अर्थपूर्ण नहीं बना रहा है। दरअसल तनाव से युक्ति ही जीवन है।

प्रेम के नए मुसाफिर अपने मन में द्वंद्व को क्रिएट कर लेते हैं। मुक्ति और युक्ति के बीच का द्वंद्व । मैं इसे ही संशय कहता हूं। संशय ही गति का नैसर्गिक दुश्मन है।



क्योंकि संशय आपको आगे नहीं बढ़ाता वह चौराहे पर खड़ा कर देता है। आपकी समझ और निर्णय लेने की क्षमता को पंगु बना देता है । करुणावन व्यक्ति लोगों के दुख दर्द में; उनके जीवन में इसलिए ही शरीक हो पाता है क्योंकि वह प्रेम पूर्ण होता है । और उसे निर्णय लेने की सुविधा होती है या यह कहें कि वह ही निर्णय ले पाता है। जो प्रेम प्रधान होता है । संशय; कैलकुलेशन, सही का इंतजार और मुक्ति की राह निर्णय लेने में सबसे बड़ी बाधा है।

हर एक आदमी अपनी दुनिया को अपने साथ लेकर चलता है। इस दृष्टि में हमारी सोच ही हमारा जगत है और हमारा जगत ही हमारा प्रोजेक्शन है । हम वही मान लेते हैं, जो हमारे भीतर ही भीतर चलता रहता है। हम यह भूल जाते हैं कि आदमी के भीतर एक जाल है, वही जंजाल है। इसी से वह सारी दुनिया को नापता परखता है । लेकिन जीता नहीं है।

प्रेम का सीधा संदेश है कि

जीवन सबको शामिल करने के लिए है स्वयं के ही विरोध के लिए नहीं। प्रेम से भरी इच्छाएं जीवन का अंतिम सत्य है। हम इसी के विरुद्ध स्वयं को अनायास ही तैयार कर लेते है । द्वंद्व का यही एक बड़ा कारण है। यही जीवन की विषमता है । जबकि विषम नहीं समता ही परमात्मा है । यही एब्सोलूट बैलेंस का साक्षात्कार कराता है। (लेखक (आर्ट ऑफ़ स्पीकिंग के प्रणेता)

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन करियर में सफलता से भरा रहेगा।पूरा दिन व्यस्तता बनी रहेगी।आपके भौतिक और सांसारिक दृष्टिकोण में कुछ बदलाव हो सकता है और आपको लाभ होगा।इन बदलावों से आपको सफलता मिलेगी और मन प्रसन्न रहेगा।कार्यक्षेत्र में होने वाले बदलाव आपके पक्ष में रहेंगे।इसलिए दिन खुशी में बीतेगा।

### वृष
आज करियर में लाभ होगा। जीवन सफलता से भरा रहेगा।मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।उत्तम धन-संपत्ति की प्राप्ति होगी।चन्द्रमा की शुभ दृष्टि से सफलता के योग बन रहे हैं।कारोबार में नए सहयोगी मिलेंगे।इससे आपके सुख में वृद्धि होगी।नए सहयोगियों के साथ मिलकर बनाई गई योजनाएं सफल होंगी।

### मिथुन
आज दिन सफलता से भरा रहेगा।पूरा दिन भागदौड़ में बीतेगा।शाम तक स्थिति में सुधार होगा।इससे आपका मन प्रसन्न होगा।पत्नी की सेहत को लेकर सावधान रहें।ताकि आगे कोई समस्या न आए।घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।वे कुछ समय के लिए रुक सकते हैं।

### कर्क
आज दिन सफलता से भरा रहेगा।उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं।कुछ खर्च हो सकता है।परिवार के लोगों के साथ किसी बात को लेकर बहस हो सकती है।संतान की तरफ से खुशखबरी मिलेगी।इससे परिवार में खुशी का माहौल बनेगा और मन प्रसन्न रहेगा।

### सिंह
आज दिन सफलता से भरा रहेगा।आपकी योजनाएं सफल होंगी। कार्यस्थल में स्थान परिवर्तन आपके लिए अच्छा साबित होगा।आपको तरक्की मिलेगी और व्यापार में निकटवर्ती सहयोग से आपको लाभ होगा और आपके लिए तरव?की के योग बने हैं।आपका मन खुश होगा और आप तरक्की करेंगे।

### कन्या
आज लाभ होगा।कारोबार में सफलता के योग बन रहे हैं।जीवन में खुशहाली बढ़ेगी और आप तरक्की करेंगे। नौकरी और कारोबार में सफलता मिलेगी। आज का दिन लाभदायक रहेगा।बहस और टकराव से बचें।इससे आपके जीवन में सुख-शांति बढ़ेगी और लाभ होगा।

### तुला
आज करियर में लाभ होगा। पराक्रम में वृद्धि होगी।इससे मन को संतोष मिलेगा।दिन आनंद में बीतेगा और आप सफल होंगे।किसी निकट मित्र की सलाह और सहयोग से बिगड़े काम ठीक हो सकते हैं। समय का लाभ उठाएं।कारोबार में तरक्की के योग बन रहे है।मनचाही सफलता मिलेगी और आपका जीवन सफलता से भरा होगा।

### वृश्चिक
आज तरक्की के योग बन रहे हैं।बिजनस में भरपूर लाभ होगा।आज के दिन आपके हर कार्य में सफलता मिलेगी।किसी विशेषज्ञ की सलाह आगे चलकर उपयोगी साबित होगी।आपके लिए मौज-मस्ती के दिन हैं।पहले की गई मेहनत अब रंग लाएगी।सफलता के योग बन रहे हैं और आपको भाग ?य का साथ मिलेगा।

### धनु
आज करियर में लाभ का दिन है।तरक्की मिलेगी।अचानक बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी।इससे आपके कोष में वृद्धि होगी और मन प्रसन्न रहेगा।अपनी समस्याओं का समाधान खुद ढूंढ़ने का प्रयास करें।कोई स्थायी सफलता मिल सकती है।तरक्की के योग बन रहे हैं और आपके सम्?मान में वृद्धि होगी।

### मकर
आज किसी जरूरी काम से बाहर की यात्रा पर जाना पड़ सकता है।वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। परिवार के लोगों के बीच किसी बात को लेकर मतभेद हो सकता है।बिजनेस में धोखा मिल सकता है।आज बड़ी राशि किसी को उधार न दें।

### कुंभ
आज अच्छी सेहत रहेगी और अच्छा महसूस करेंगे।बिजनेस में लाभ होगा।कार्यक्षेत्र में नए संबंध बनेंगे, जिनका आगे चलकर बहुत लाभ होगा।नौकरी में प्रमोशन के योग हैं। परिवार और समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। कोर्ट केस आपके पक्ष में होगा।

### मीन
आज घर में मेहमान का आगमन होगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।आपके अच्छे कामों की सब दूर तारीफ होगा और समाज में सम्मान मिलेगा।ससुराल पक्ष से पूरा सहयोग मिलेगा।आज अपने लाइफ पार्टनर की सेहत की चिंता करें।जो लोग काम की तलाश में हैं, उन्हें आज सफलता मिलेगी।ऑफिस में कुछ नई जिम्मेदारिया दी जा सकती हैं(

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध सिम कार्ड गिरोह संचालित करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार



**त्रिची, एजेंसी।** गुरुग्राम साइबर पुलिस ने अवैध सिम कार्ड गिरोह संचालित करने के आरोप में तमिलनाडु से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी मोहम्मद जमील बिन मोहम्मद इकबाल भारत से सिम कार्ड खरीदकर मलेशिया में बेचता था, जिसका इस्तेमाल साइबर जालसाज विदेश में बैठकर भारत में लोगों को ठगने के लिए करते थे। पुलिस ने इकबाल के पास से एक मलेशियाई पासपोर्ट, एक अंतरराष्ट्रीय ड्राइविंग लाइसेंस, एक स्वास्थ्य कार्ड, एक डेबिट कार्ड, एक मोबाइल फोन और भारतीय तथा विदेशी मुद्रा के नोट बरामद किए हैं। इकबाल को शनिवार को तमिलनाडु के त्रिची से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि इकबाल बृहस्पतिवार को भारत पहुंचा और दो मौकों पर 150 से अधिक सिम कार्ड मलेशिया ले गया। आरोपियों के लिए सिम कार्ड की व्यवस्था करने वाले दो व्यक्तियों को अगस्त में दो अन्य लोगों के साथ पकड़ा गया था जो कथित तौर पर शेयर बाजार में निवेश के नाम पर गुरुग्राम निवासी एक व्यक्ति से 2.81 करोड़ रुपये की ठगी करने में संलिप्त थे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती पर उन्हें सोमवार को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और सेवाभाव हर किसी को प्रेरित करता रहेगा। चौधरी चरण सिंह का जन्म 1902 में उत्तर प्रदेश के हापुड़ में हुआ था। उनके जन्मदिन को किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। वह जुलाई 1979 से जनवरी 1980 तक देश के प्रधानमंत्री थे। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ''गरीबों और किसानों के सच्चे हितैषी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और सेवाभाव हर किसी को प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही एक वीडियो भी साझा किया जिसमें चरण सिंह से जुड़े आयोजनों पर उनके द्वारा दिए गए भाषण संकलित किए गए हैं। जाट समुदाय से ताल्लुक रखने वाले सिंह एक समाजवादी नेता थे, जिन्हें किसानों का जबरदस्त समर्थन प्राप्त था। वह अपने समय के दिग्गज नेताओं में से एक थे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने इसी साल उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा था।

### मोबाइल फोन टावरों से उपकरण चोरी करने के आरोप में पांच गिरफ्तार

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद जिले में अपराध शाखा और वेव सिटी पुलिस की टीम ने दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र, पंजाब, मध्य प्रदेश और असम में मोबाइल फोन टावरों से रेडियो रिसीवर यूनिट व बेसबैंड यूनिट चोरी करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सहायक पुलिस उपायुक्त (एसीपी) सच्चिदानंद ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि पकड़े गए लोगों के कब्जे से सात करोड़ रुपये का चोरी का सामान और अपराध में इस्तेमाल वाहन बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाहरुख मलिक (30), वसीम मलिक (35), अनस खान (22), साहिल मलिक (19) और कयाम मंसूरी के रूप में हुई है। सच्चिदानंद ने कहा कि पुलिस ने 74 यूनिट मोबाइल टीवी रेडियो रिसीवर, 122 यूनिट मोबाइल टावर बेसबैंड और अन्य उपकरण बरामद किए हैं।

### लोकायुक्त अधिकारी बनकर ठगी का प्रयास करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**मंगलुरु, एजेंसी।** लोकायुक्त अधिकारी बनकर 'व्हाट्सऐप' के जरिए रुपये ऐंठने की कोशिश करने के आरोप में आंध्र प्रदेश से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। मंगलुरु के पुलिस आयुक्त द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, धनंजय रेड्डी थोटा (31) ने कथित तौर पर लोकायुक्त अधिकारी बनकर पंचायत अधिकारी पुरुषोत्तम को फोन किया। विज्ञप्ति के अनुसार, थोटा ने कथित भ्रष्टाचार के एक मामले को निपटाने के लिए पुरुषोत्तम से रुपयों की मांग की। फोन करने वाले व्यक्ति के बारे में संदेह होने पर पुरुषोत्तम ने प्राधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद जांच शुरू की गई। इसमें बताया गया कि यह पता लगाया गया कि थोटा ने फोन कहां से किया था जिसके बाद पुलिस आंध्र प्रदेश पहुंची और शनिवार को वहां से थोटा को गिरफ्तार कर लिया गया।

### अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस 26 जनवरी तक देशभर में अभियान चलायेगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस 26 जनवरी,2025 तक देशभर में गृह मंत्री अमित शाह की इस्तीफे की मांग को लेकर अभियान चलायेगी. आज 22 दिसंबर को कांग्रेस के नेता 150 से ज्यादा शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं. 23 को भी करेंगे. 24 को कलेक्ट्रेट पर मार्च निकाला जायेगा और 27 दिसंबर को कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस की रैली होगी।

# भाजपा विधायक सीटी रवि पर हमले मामले में एक और एफआईआर



**बंगलूरू, एजेंसी।** कर्नाटक में भाजपा विधायक सीटी रवि मामले में रोज नए-नए घटनाक्रम सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा एमएलसी सीटी रवि पर हमला करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हमले का प्रयास बेलगावी सुवर्ण सौधा में 19 दिसंबर को किया गया था। बेलगावी के हिरेबागेवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई है। इसमें आरोप लगाया गया कि सीटी रवि की जान को खतरा था और हमलावरों का इरादा उन्हें जान से मारने का था। कथित तौर पर यह घटना सचिव लक्ष्मी हेब्बलकर के खिलाफ सीटी रवि के आपत्तिजनक बयान के जवाब में हुई। शिकायत कानून की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई, जिसमें बीएनएस 189(2), 191(2), 190, 126(2), 352 और 351(2) शामिल हैं। दरअसल, मामला 19 दिसंबर को कर्नाटक विधान परिषद से शुरू हुआ था। यहां रवि ने महिला और बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बलकर के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणियां की थीं। मामले की पुलिस से शिकायत भी की गई थी। इसे लेकर सिद्धारमैया सरकार ने सीटी रवि पर गंभीर आरोप लगाए थे। महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी ने विधान परिषद के अध्यक्ष बसवराज होरट्टी को पत्र लिखकर इस घटना की उच्चस्तरीय जांच करने की अपील की थी।

**19 दिसंबर को किया गया था गिरफ्तार :** पुलिस ने इसी दिन सीटी रवि को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, कर्नाटक हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। कोर्ट ने कहा था कि गिरफ्तारी नियमों के अनुसार नहीं की गई थी। इससे पहले भाजपा एमएलसी ने पुलिस पर मानवाधिकारों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि पुलिस उन्हें पूरी रात जगह-जगह घुमाती रही। पुलिस शीर्ष स्तर के किसी नेता के निर्देश पर काम कर रही है। उन्होंने कार्रवाई को तानाशाही से प्रेरित बताया। हालांकि, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने आरोपों को खारिज किया था।

**पुलिस पर लगाए थे गंभीर आरोप :** पुलिस कार्रवाई के दौरान भाजपा एमएलसी सीटी रवि का सड़क पर बैठकर पुलिस से सवाल करते हुए एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में रवि पुलिस अधिकारियों से सवाल कर रहे थे। रवि कह रहे थे कि क्या तुम मुझे मारने की योजना बना रहे हो? मुझे यहां क्यों लाए हो? आपका इरादा मुझे मारने का है। मुझे इस तरह से घुमाने क्यों ले जाया जा रहा है? खानपुर से लेकर मुझे कहां-कहां ले जाया गया? चोट लगने के तीन घंटे बाद तुमने मुझे प्राथमिक उपचार दिया गया।

**जान को खतरा बताया था :** जमानत मिलने के बाद सीटी रवि ने दावा किया था कि उन्हें जान का खतरा है, इसलिए वह सरकार से सहायता की गुहार लगा रहे हैं। अगर उन्हें कुछ होता है तो सरकार को जिम्मेदारी लेनी होगी। डीके शिवकुमार और लक्ष्मी हेब्बलकर ने कुछ योजना बनाई, जो उनके लिए खतरनाक है। वह पूरे मामले में न्यायिक जांच की मांग करते हैं। जिस तरह से पुलिस ने उनके साथ व्यवहार किया है, उनकी और पुलिस कॉल रिकॉर्ड की जांच की जानी चाहिए।

**कन्नड़ साहित्य सम्मेलन में मांसाहारी भोजन परोसने पर विवाद :** इस बीच मांड्या में 87वें कन्नड़ साहित्य सम्मेलन में रविवार को उस समय विवाद खड़ा हो गया, जब प्रगतिशील समूहों ने मांसाहारी भोजन वितरित किया। प्रगतिशील समूहों ने मांग की थी कि सम्मेलन के दौरान मांसाहारी भोजन परोसा जाना चाहिए, लेकिन हर साल की तरह इस बार भी शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराया गया, जो प्रगतिवादियों को पसंद नहीं आया।

सूत्रों के मुताबिक, रविवार को सम्मेलन के आखिरी दिन प्रगतिशील समूहों के सदस्यों ने मांसाहारी भोजन बांटा। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है। शाकाहारी भोजन के बगल में मांसाहारी भोजन रखा हुआ था। पुलिस को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने भोजन जब्त कर लिया। इस पर पुलिस और मांसाहारी भोजन परोसने वालों के बीच बहस हुई और हंगामा हुआ।

### विकसित भारत में चौधरी चरण सिंह की सोच और किसानों का पसीना अहम होगा : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को किसान घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी भी मौजूद थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर भारत के सभी किसानों को मेरा नमन। 2001 में सही निर्णय लिया गया और किसान दिवस की शुरुआत की गई और ऐसे महापुरुष के नाम पर यह शुरू किया गया, जिन्होंने अपना जीवन किसानों, ग्रामीण जीवन, किसान विकास, देश के विकास के लिए समर्पित कर दिया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि अगले वर्ष किसान दिवस के 25 वर्ष पूरे होंगे, हम सभी को संकल्प लेकर पूरे वर्ष कार्यक्रम करने हैं, ताकि हम किसानों के हित को सर्वोपरि रख सकें और मुझे उम्मीद है कि आज देश में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की 180 से अधिक संस्थाओं में बड़ी भारी सक्रियता होगी, क्योंकि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है, जरूर घोष्ठियां होंगी और उसमें किसानों को आमंत्रित किया गया होगा। विकसित भारत अब हमारा सपना नहीं, बल्कि हमारा लक्ष्य है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में अगर कोई कृष्ण-अर्जुन की भूमिका निभाएगा तो वह चौधरी चरण सिंह जी की सोच और गांव के किसानों का पसीना होगा।

**प्रधानमंत्री मोदी ने भी दी श्रद्धांजलि :** इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और सेवाभाव हर किसी को प्रेरित करता रहेगा। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, गरीबों और किसानों के सच्चे हितैषी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और सेवाभाव हर किसी को प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें चरण सिंह से जुड़े आयोजनों पर उनके द्वारा दिए गए भाषण संकलित किए गए हैं।

### इंजेक्शन लगाने के बाद बच्चे की मौत : झोलाछाप डॉक्टर गिरफ्तार

**सोनभद्र, एजेंसी।** सोनभद्र जिले के बीजपुर में एक झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन लगाने के बाद आठ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने रविवार को बताया कि बीजपुर थाना क्षेत्र के पिंडारी गांव में अभिषेक नामक बच्चे को पिछले बृहस्पतिवार को खेलते समय मामूली चोट लग गई थी जिसके बाद उसकी दादी उसे पास में ही क्लीनिक चलाने वाले कथित डॉक्टर महेश कुमार शर्मा के पास ले गई और घाव पर पट्टी बांधने को कहा। हालांकि, डॉक्टर ने यह कहते हुए बच्चे को एक इंजेक्शन लगाया कि घाव जल्द ठीक हो जाएगा, लेकिन इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद ही बच्चे की मौत हो गई। सिंह ने बताया कि शनिवार को आरोपी डॉक्टर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) (धोखाधड़ी), 105 (गैर इरादतन हत्या) और भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम 1956 की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और उसे रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ दर्ज मामले का हवाला देते हुए कहा कि आरोपी बिना पंजीकरण और बिना मेडिकल डिग्री के क्लीनिक चला रहा था और उसके द्वारा दिए गए इंजेक्शन के कारण ही बच्चे की मौत हुई है।

## गणतंत्र दिवस परेड 2025 : पंजाब समेत 15 राज्यों की झांकी मंजूर, दिल्ली की थीम खारिज




**चंडीगढ़, एजेंसी।** दिल्ली में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर वाली परेड में इस बार पंजाब की झांकी नजर आएगी. जानकारी के मुताबिक पंजाब समते 15 राज्यों की झांकी को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है. झांकी में पंजाब की संस्कृति के रंग दिखेंगे. रक्षा मंत्रालय द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समिति द्वारा झांकियों का चयन किया गया, जिसमें विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधि शामिल थे. रिपोर्ट के मुताबिक, गणतंत्र दिवस परेड 2025 के लिए विशेषज्ञों की कमेटी ने दिल्ली की झांकी की थीम को खारिज कर दिया है. दिल्ली द्वारा प्रस्तावित झांकी को लगातार दूसरे साल भी खारिज कर दिया गया है. सूत्रों ने बताया कि निर्धारित मानदंडों - थीम, प्रस्तुति और प्रभाव को पूरा न करने के कारण दिल्ली की झांकी को खारिज किया गया. इस बार हरियाणा और चंडीगढ़ की झांकी का भी चयन हुआ है, लेकिन दिल्ली की झांकी को खारिज कर दिया गया है. दिल्ली की झांकी को मंजूरी न मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सवाल उठाए हैं. रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में गुजरात, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, बिहार, गोवा, झारखंड, आंध्र प्रदेश और त्रिपुरा समेत 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियां शामिल होंगी. केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली की झांकी को शामिल किया गया है. देश के 76वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान आम आदमी पार्टी द्वारा शासित राज्य पंजाब समेत 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विरासत, इतिहास और वर्तमान से सजी रंग-बिरंगी झांकियां दिल्ली के कर्तव्य पथ पर दिखेंगी. सूत्रों ने बताया कि पिछले साल अपनाई गई रोटेशन पॉलिसी के तहत 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को झांकी के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा गया था. इस पॉलिसी के तहत प्रत्येक राज्य को तीन साल में एक बार झांकी प्रस्तुत करने का मौका मिलता है. यूपी समेत पांच राज्यों को बाद में मिली जगह उन्होंने कहा कि मिजोरम और सिक्किम ने 15 राज्यों की प्रारंभिक सूची में शामिल होने के बावजूद झांकी प्रस्तुत नहीं कर पाए. साथ ही केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप और अंडमान और निकोबार प्रस्तावों का चयन करने वाली विशेषज्ञ समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुए. जबकि दिल्ली के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया, जिससे पांच स्थान रिक्त हो गए. बाद में इन्हें गुजरात, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पश्चिम बंगाल की झांकियों से भरा गया. पिछली बार नहीं हुआ था पंजाब की झांकी का चयन बता दें कि पिछली बार केंद्र सरकार ने पंजाब की झांकी का चयन नहीं किया था. इसे लेकर विवाद हुआ था. गणतंत्र दिवस परेड 2024 के लिए राज्य की झांकी को रद्द करने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंतमान ने कहा था कि सत्ता के नशे में चूर अहंकारी केंद्र सरकार स्वतंत्रता संग्राम में पंजाबियों द्वारा स्थापित मिसाल का अनादर कर रही है.

## दिल्ली में बारिश ने बढ़ाई ठंड, घने कोहरे के बीच हवा की गुणवत्ता 400 पार, गंभीर श्रेणी में एक्यूआई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार की सुबह बारिश के साथ हुई। हल्की बारिश के कारण राजधानी में ठंड बढ़ गई है। इस हफ्ते ठंड का कहर दिल्लीवालों पर बरसेगा। हल्की बूंदा-बांदी के बावजूद दिल्ली की हवा साफ नहीं हुई है। 23 दिसंबर को दिल्ली की वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में है जहां एक्यूआई 400 पार पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, सोमवार को सुबह 6 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 410 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शहर में कोहरे की एक पतली परत छाई रही, जिससे दृश्यता कम हो गई, जबकि सुबह 5 : 30 बजे न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। हल्की बारिश के साथ आसमान में बादल छाए रहे। दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया, जिसमें वजीरपुर (464), अशोक विहार (460), मुंडका (446), बुराड़ी क्रॉसिंग (445) और आनंद विहार (443) शामिल हैं। उल्लेखनीय रूप से, द्वारका-सेक्टर 8 (393) और नजफगढ़ (372) में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' सीमा से थोड़ा नीचे रही। इससे पहले, वायु गुणवत्ता रविवार को और खराब हो गई और 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम चार बजे 409 पर पहुंच गया जो गंभीर श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। शनिवार को एक्यूआई 370 दर्ज किया गया था, जो 'बहुत खराब आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच को खराब, 301 से 400 के बीच को बहुत खराब और 401 से 500 के बीच को गंभीर माना जाता है। रविवार को राजधानी में पीएम 2.5 का स्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया और 39 निगरानी केन्द्रों में से 37 ने वायु गुणवत्ता को 'गंभीर' में श्रेणी में बताया। कुछ क्षेत्रों में एक्यूआई का स्तर 474 तक दर्ज किया गया। दिल्ली अब भी 'ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान' (जीआरएपी) का चौथे चरण लागू है जिसमें कड़े प्रदूषण-रोधी उपाय शामिल हैं।

## महिला की मौत की खबर मिलने के बावजूद अल्लू अर्जुन थिएटर से बाहर नहीं गए : हैदराबाद पुलिस



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन चार दिसंबर को 'पुष्पा-2' की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ मचने के बाद कहे जाने के बावजूद सिनेमा घर से बाहरनहीं गए।पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह दावा किया। इस भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त सी.वी आनंद ने संवाददाता सम्मेलन में पुलिस द्वारा बनाया गया एक वीडियो दिखाया, जिसमें भगदड़ के समय की स्थिति दिखाई दे रही है। यह वीडियो न्यूज़ चैनलों और मोबाइल क्लिप की फुटेज को एकत्रित करके बनाया गया था। इससे पता चलता है कि अभिनेता आधी रात तक सिनेमा घर में रहे। आनंद ने वीडियो पर कोई टिप्पणी नहीं की लेकिन कहा कि मीडिया अपने निष्कर्ष निकाल सकता है। पुलिस के एक अधिकारी ने चार दिसंबर की रात को हुई घटना के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि उन्होंने और अन्य पुलिस अधिकारियों ने अल्लू अर्जुन के मैनेजर को महिला की मौत के बारे में बताया और कहा कि स्थिति नियंत्रण से बाहर है। अधिकारी ने बताया कि उन्हें अभिनेता से मिलने नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि अल्लू अर्जुन के स्टाफ के सदस्यों ने उनसे कहा था कि वे यह मामला अभिनेता तक पहुंचा देंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अधिकारी ने बताया कि बाद में वह अभिनेता तक पहुंचने में सफल रहे, उन्हें महिला की मौत के बारे में बताया और उन्हें सिनेमा घर से बाहर जाने को कहा, ताकि प्रशंसक उनकी एक झलक पाने की कोशिश में एक-दूसरे को नुकसान न पहुंचाएं। अधिकारी ने अभिनेता को यह भी बताया कि उनके बाहर निकलने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि बाद में एक वरिष्ठ अफसर के साथ अधिकारी अंदर गए और अभिनेता को बाहर ले आए। वहीं इस तरह के आरोप हैं कि जब सिनेमा घर में भगदड़ मची तो अल्लू अर्जुन द्वारा नियुक्त बाउंसरों ने भीड़ के साथ-साथ पुलिसकर्मियों को भी धक्का दिया। इसपर पुलिस आयुक्त ने चेतावनी दी कि यदि बाउंसरों ने ड्यूटी पर मौजूद पुलिस के साथ वास्तव में दुर्व्यवहार किया तो कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## राहुल गांधी-प्रियंका गांधी ने अल्पसंख्यक सांप्रदायिक ताकतों के समर्थन से वायनाड चुनाव जीता : सीपीआई (एम)



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर सीपीआई (एम) पोलित ब्यूरो के सदस्य ए विजयराघवन ने आरोप लगाया है कि उन्होंने अल्पसंख्यक सांप्रदायिक ताकतों के समर्थन से वायनाड चुनाव लड़ा और जीत हासिल की. उन्होंने पूछा कि क्या मुस्लिम सांप्रदायिक गठबंधन के मजबूत समर्थन के बिना राहुल गांधी यहां से चुनाव जीत सकते थे? विजयराघवन वायनाड के बाथरी में सीपीआईएम वायनाड पार्टी के सम्मेलन में यह बात कही,

क्या मुस्लिम सांप्रदायिक गठबंधन के मजबूत समर्थन के बिना वे जीत सकते थे? इसी क्रम में उन्होंने कहा कि अब वायनाड से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी दो लोग जीते हैं.. उन्होंने सवाल दागा, राहुल गांधी किसके समर्थन से दिल्ली(संसद) पहुंचे? पूछा कि क्या मुस्लिम सांप्रदायिक गठबंधन के मजबूत समर्थन के बिना वे जीत सकते थे? वे विपक्ष के नेता हैं, वे कांग्रेस के सबसे बड़े नेता हैं. कहा कि प्रियंका गांधी ने भी यहां से चुनाव लड़ा. उनकी रैलियों के दौरान आगे-पीछे कौन लोग चल रहे थे? इसका जवाब खुद दिया. वे अल्पसंख्यक सांप्रदायिक ताकतों के सबसे चरमपंथी तत्व थे. विजयराघवन ने याद दिलाया, जब ईएमएस (केरल के पहले सीएम) पहले चुनाव लड़ रहे थे, तो केंद्रीय मंत्री उन्हें हराने के लिए यहां आये थे. कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने दिया जवाब सीपीआई (एम) पोलित ब्यूरो के सदस्य विजयराघवन की टिप्पणी पर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने पलटवार करते हुए कहा कि जब अमित शाह ने आंबेडकर का अपमान किया था, तो सबसे पहले पिनाराई विजयन को इस पर प्रतिक्रिया देनी चाहिए थी, लेकिन उनकी पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य इस तरह का बयान दे रहे हैं. याद करें कि केरल के मुख्यमंत्री और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के वरिष्ठ नेता पिनाराई विजयन ने दावा किया था कि प्रियंका गांधी जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठन के समर्थन से चुनाव लड़ रही हैं. विजयन ने उस समय बयान दिया था, जब केरल में कांग्रेस और वामपंथी गठबंधन (एलडीएफ) के बीच राजनीतिक तनाव उफान पर था, उन्होंने कांग्रेस और जमात-ए-इस्लामी के बीच के संबंधों पर कठघरे में खडा किया था. कांग्रेस ने विजयन के बयान को खारिज करते हुए इसे पूरी तरह आधारहीन करार दिया था।

## विजय हजारे ट्रॉफी:

### बब्बर शेर की तरह दहाड़े ऋतुराज गायकवाड़, 200 के स्ट्राइक रेट से सेंचुरी ठोक किया कमाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2024: विजय हजारे ट्रॉफी में शतकों की बरसात हो रही है. अब महाराष्ट्र के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने सर्विसेज के खिलाफ नाबाद 148 रन बनाए हैं. अभी टूर्नामेंट को शुरू हुए तीसरा ही दिन है कि 10 से भी अधिक खिलाड़ी शतक लगा चुके हैं. गायकवाड़ की शतकीय पारी की बदौलत महाराष्ट्र ने वनडे मैच में 205 रनों के लक्ष्य को 21वें ओवर में ही हासिल कर लिया है. बता दें कि यह विजय हजारे ट्रॉफी के इतिहास में गायकवाड़ का कुल 13वां शतक है.

इस मैच में सर्विसेज ने पहले खेलते हुए 204 रन बनाए थे. सर्विसेज के लिए कप्तान मोहित अहलावत 50 रनों का आंकड़ा पार करने वाले अकेले बल्लेबाज रहे. उन्होंने 61 रन की पारी खेली. 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरे महाराष्ट्र को ऋतुराज गायकवाड़ ओम भोसले ने शानदार शुरुआत दिलाई, जिनके बीच 86 रनों की सलामी साझेदारी हुई. भोसले 24 रन बनाकर आउट हो गए, उसके बाद सिद्धेश वीर ने अंत तक कप्तान गायकवाड़ का साथ दिया.

गायकवाड़ एक अलग ही लय में दिखे, जिन्होंने महज 74 गेंदों में 200 के स्ट्राइक रेट से 148 रन बनाए. गायकवाड़ ने 57 गेंद में ही शतक पूरा कर लिया था और उन्होंने अपनी पारी में 16 चौके और 11 छक्के लगाए. अब महाराष्ट्र की टीम 2 मैचों में दो जीत के बाद ग्रुप बी के टॉप पर मौजूद है. इससे पहले महाराष्ट्र ने राजस्थान को 3 विकेट से हराया था.

**विजय हजारे ट्रॉफी में सबसे ज्यादा सेंचुरी**

अब ऋतुराज गायकवाड़ विजय हजारे ट्रॉफी में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाने से सिर्फ 2 शतक दूर हैं. उन्होंने अब तक इस टूर्नामेंट के इतिहास में 13 शतक लगाए हैं, इस सूची में उनसे आगे सिर्फ अंकित बावने हैं, जिन्होंने अपने करियर में विजय हजारे ट्रॉफी में 14 शतकीय पारी खेली थीं. बता दें कि मौजूदा विजय हजारे ट्रॉफी में गायकवाड़, महाराष्ट्र के लिए शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज भी हैं.

### 16 चौके और 6 छक्के; ईशान किशन ने जड़ा विस्फोटक शतक, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ठोका दावा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईशान किशन ने विजय हजारे ट्रॉफी 2024 के एक मुकाबले में कमाल कर दिया है. उन्होंने दमदार प्रदर्शन करते हुए शतक जड़ा है. ईशान के शतक के दम पर झारखंड ने मणिपुर को 8 विकेट से हरा दिया है. ईशान ने शतक के साथ ही टीम इंडिया का भी दावा ठोका है. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए ईशान पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड नजर डाल सकता है. दरअसल मणिपुर ने पहले बैटिंग करते हुए 253 रन बनाए. इस दौरान जॉनसन ने 82 गेंदों का सामना करते हुए 69 रन बनाए. वहीं प्रियोजित ने 49 गेंदों का सामना करते हुए 43 रन बनाए. इसके जवाब में झारखंड की टीम ने 2 विकेट गंवाकर मैच जीत लिया. झारखंड के लिए ईशान ने शतक जड़ा. उन्होंने 78 गेंदों का सामना करते हुए 134 रन बनाए. ईशान की इस पारी में 16 चौके और 6 छक्के भी शामिल रहे.

ईशान लंबे वक्त से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं. उन्होंने आखिरी वनडे मैच अफगानिस्तान के खिलाफ अक्तूबर 2023 में खेला था. ईशान की इसके बाद से टीम इंडिया में वापसी नहीं हो सकी है. लेकिन अब मौका दिया जा सकता है. ईशान ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ भी अर्धशतक जड़ा था. उन्होंने नाबाद 77 रन बनाए थे.

ईशान भारत के लिए अभी तक 27 वनडे मैच खेल चुके हैं. उन्होंने इस दौरान 933 रन बनाए हैं. ईशान एक दोहरा शतक भी लगा चुके हैं. उनका सर्वश्रेष्ठ वनडे स्कोर 210 रन रहा है.

## चैंपियंस ट्रॉफी:

# भारत-पाकिस्तान मैच 23 फरवरी को होगा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्र ने बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के मैचों की मेजबानी के लिए संयुक्त अरब अमीरात के दुबई शहर को न्यूट्रल वेन्यू के रूप में चुना गया है। शनिवार रात पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और यूएई के मंत्री शेख नाहयान अल मुबारक के बीच बैठक हुई।

टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 19 फरवरी को मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में खेला जाएगा। फाइनल 9 मार्च को लाहौर होगा। टीम इंडिया का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से होगा। टीम इंडिया अगर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करती है तो सेमीफाइनल और फाइनल भी दुबई में होंगे।

भारत का पहला मुकाबला 20 फरवरी को होगा भारतीय टीम का पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश के साथ होगा, जबकि आखिरी मुकाबला 2 मार्च को न्यूजीलैंड से होगा। दोनों सेमीफाइनल (4 और 5 मार्च) व फाइनल के लिए एक रिजर्व डे भी रखा गया है। 15 में से 5 मैच यूएई में होंगे 8 टीमों के बीच 15 मैच का टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलना है।

भारत अपने तीनों ग्रुप स्टेज मैच यूएई में खेलेगा। अगर भारत क्वालीफाई करता है तो यहां एक सेमीफाइनल और फाइनल भी खेला जाएगा, जबकि टूर्नामेंट के बाकी 10 मैच पाकिस्तान में हो सकते हैं। गुरुवार यानी 19 दिसंबर को आईसीसी की बैठक में तय हुआ था कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान के बजाय न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगा। साथ ही भारत में 2027 तक होने वाले सभी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तानी टीम भी भारत नहीं आएगी। उसके मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे। भारत में 2025 विमेंस वनडे वर्ल्ड कप, 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप भारत और श्रीलंका में होना है।

# हरमनप्रीत और प्रवीण को मिलेगा खेल रत्न अवॉर्ड

## मनु भाकर के नाम की नहीं की गई सिफारिश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरमनप्रीत सिंह और प्रवीण कुमार के नाम की सिफारिश देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के लिए की गई है। पेरिस ओलंपिक में ही पदक जीतने वाले शूटर स्वप्निल कुसाले और पहलवान अमन सेहरावत को अर्जुन अवॉर्ड देने की सिफारिश की गई है।

पेरिस ओलंपिक में हॉकी टीम को लगातार दूसरा पदक दिलाने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले हाईजंपर प्रवीण कुमार के नाम की सिफारिश देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के लिए की गई है। पेरिस ओलंपिक में ही पदक जीतने वाले शूटर स्वप्निल कुसाले और पहलवान अमन सेहरावत को अर्जुन अवॉर्ड देने की सिफारिश की गई है।



वहीं, पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले मनु भाकर के नाम की सिफारिश शीर्ष खेल पुरस्कार के लिए नहीं की गई है। बताया जाता है कि मनु ने खेल रत्न के लिए आवेदन नहीं किया, लेकिन खेल मंत्रालय ने भी इस पुरस्कार के लिए उनके नाम पर स्वतः संज्ञान नहीं लिया। मंत्रालय ने बीते वर्ष ही क्रिकेटर मोहम्मद शमी के नाम पर स्वतः संज्ञान लेकर अर्जुन अवॉर्ड दिया था।

हालांकि मनु के पिता रामकिशन भाकर का कहना है कि मनु ने खेल रत्न के लिए आवेदन किया था।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट की पिच बुमराह समेत तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होगी!

**मेलबर्न, एजेंसी।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के क्यूरेटर मैट पेज ने कहा कि गुरुवार से शुरू हो रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए ड्रॉप-इन



पिच भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह समेत सभी तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होगी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में बुमराह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है और उन्होंने 10.9 की औसत से 21 विकेट लिए हैं। मुझे लगता है कि अब जब भी तेज गेंदबाज यहां आते हैं तो वे उत्साहित हो जाते हैं। यह हमारे लिए अच्छा है। पेज ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा,हम कभी भी पर्थ या ब्रिस्बेन जितने तेज नहीं होंगे, लेकिन पिछले कुछ सालों में हम इसमें कुछ गति लाने में कामयाब रहे हैं, जिससे यह उत्साह पैदा हुआ है। इस पर थोड़ी घास है।

## पीवी सिंधु वेडिंग:

# उदयपुर में शादी के बंधन में बंधीं पीवी सिंधु



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु शादी के बंधन में बंध गई हैं. धूमधाम से उनकी शादी राजस्थान के उदयपुर में हुई. उन्होंने बिजनेसमैन वेंकट दत्ता साई संग सात फेरे लिए. पीवी सिंधु और वेंकट की शादी की पहली तस्वीर भी सामने आ चुकी है. इसमें दोनों की जोड़ी बेहद खूबसूरत लग रही है. फैंस दोनों को शादी की शुभकामनाएं और बधाई दे रहे हैं. हिंदू रीति रिवाज से शादी के बंधन में बंधने के साथ ही सिंधु और वेंकट हमेशा-हमेशा के लिए एक दूसरे के हो गए. बता दें कि सिंधु और वेंकट 22 दिसंबर को शादी के बंधन में बंधे हैं. विवाह समारोह को बेहद प्राइवेट रखा गया है. सिंधु ने



अब तक अपनी शादी की तस्वीरें शेयर नहीं की है. हालांकि इस शादी में शामिल रहे केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दोनों की शादी की तस्वीर शेयर की है. इसमें शेखावत भी नजर आ रहे हैं. उन्होंने नवविवाहित जोड़े की शादी की तस्वीर शेयर करते हुए अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'कल शाम उदयपुर में वेंकट दत्ता साई के साथ हमारे बैडमिंटन चैंपियन ओलंपियन पीवी सिंधु के विवाह समारोह में शामिल होकर खुशी हुई और मैंने इस जोड़े को उनके नए जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया'.

### सिंधु ने पहनी गोल्डन क्रीम कलर की साड़ी

सामने आई तस्वीर में सिंधु और वेंकट बैठे हुए हैं. जबकि गजेंद्र सिंह उन्हें आशीर्वाद दे रहे हैं. आस-पास और भी कुछ लोग नजर आ रहे हैं. अपनी शादी के लिए सिंधु ने गोल्डन क्रीम कलर की साड़ी चुनी थी. वहीं उन्होंने हैवी ज्वेलरी भी कैरी की. हालांकि सिंधु ने शादी के कई घंटों बाद भी सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट नहीं की है. फैंस को उनकी पोस्ट का बेसब्री से इंतजार है.

### 24 दिसंबर को होगा ग्रैंड रिसेप्शन

गजेंद्र सिंह शेखावत के अलावा सिंधु को आशीर्वाद देने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी पहुंचे थे. सिंधु और आईटी प्रोफेशनल वेंकट दत्ता साई की शादी उदयपुर में लेकसिटी के बीच बने होटल राफेल्स में धूमधाम से हुई. शादी में करीबी और परिवार के लोग ही शामिल हुए. अब कपल 24 दिसंबर को हैदराबाद में एक ग्रैंड रिसेप्शन का आयोजन करने जा रहा है जिसमें खेल जगत के अलावा फिल्म और राजनीतिक जगत की बड़ी हस्तियां शामिल हो सकती है.

# ऑस्ट्रेलिया ने जीता आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का खिताब

**वेलिंगटन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में न्यूजीलैंड पर 75 रनों की शानदार जीत के साथ अपने 24 मैचों के आईसीसी महिला चैम्पियनशिप अभियान का समापन किया, जिससे उसे टूर्नामेंट स्टैंडिंग में अजेय बढ़त हासिल हुई और प्रतियोगिता में अपना लगातार तीसरा खिताब जीता।

39 अंकों (17 जीत, तीन परिणाम नहीं, तीन हार) के साथ समाप्त होने वाले ऑस्ट्रेलिया का कुल स्कोर किसी भी अन्य टीम की पहुंच से परे है। भारत, उनका निकटतम प्रतिद्वंद्वी, वेस्टइंडीज (दो) और आयरलैंड (तीन) के खिलाफ अपने शेष मैचों के साथ केवल 37 अंकों तक ही पहुंच सकते हैं। इस हार का न्यूजीलैंड के लिए महत्वपूर्ण प्रभाव है, जो अब 2025 आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए स्वचालित योग्यता के बारे में अनिश्चितता का सामना कर रहा है। वर्तमान में 24 मैचों में 21 अंकों के साथ अंतिम स्वचालित स्थान पर बैठे, वे बांग्लादेश (19 अंक, तीन मैच शेष) या वेस्टइंडीज (14 अंक, पांच मैच शेष) से ??आगे निकलने के लिए कमजोर हैं।

यदि बांग्लादेश या वेस्टइंडीज आगे निकल जाते



हैं, तो न्यूजीलैंड को क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करनी होगी, जहां छह टीमें अंतिम दो टूर्नामेंट स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करती हैं। ऑस्ट्रेलिया की जीत ने श्रीलंका के लिए एक स्वचालित विश्व कप स्थान भी सुरक्षित कर दिया है, जिसे अब हाथ में मैच रखने वाली टीमों द्वारा विस्थापित नहीं किया जा सकता है। इस मैच ने महिला क्रिकेट में सबसे प्रभावशाली टीमों में से एक के रूप में ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया।

पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनने वाली एलिसा हीली और फोबे लिचफील्ड ने 88 रन की ओपनिंग साझेदारी के साथ एक मजबूत नींव रखी। एनाबेल सदरलैंड (43 गेंदों पर 42 रन) और एश्ले गार्डनर (62 गेंदों पर 74 रन) के योगदान से मेहमान टीम ने 290 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में, न्यूजीलैंड 20वें ओवर में 106/1 पर मजबूत स्थिति में दिख रहा था, लेकिन सूजी बेट्स को आउट करने के लिए बाउंड्री कैच और मेली केर के रन आउट ने गति बदल दी।

# पाकिस्तान ने 36 रन से जीता तीसरा वनडे

## साउथ अफ्रीका को पहली बार उसी के घर में क्लीन स्वीप किया



**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरा वनडे मैच 36 रन से जीत लिया है। इस जीत के साथ टीम ने 3 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका की सरजमीं पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ क्लीन स्वीप करने में कामयाब रही है। जोहान्सबर्ग में रविवार को खेले गए इस बारिश से प्रभावित मुकाबले का फैसला डकर्स मैथड से हुआ। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 47 ओवर में 9 विकेट पर 308 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 42 ओवर में 271 रन पर ऑलआउट हो गई। सईम अयूब प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 101 रन की शतकीय पारी खेली। 2 कैच पकड़े और एक विकेट भी लिया। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया।

**सईम की सेंचुरी, बाबर-रिजवान ने फिफ्टी जमाई**

टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने एक रन के स्कोर पर अब्दुल्लाह शफीक का विकेट गंवाया। ऐसे में ओपनर सईम अयूब ने बाबर आजम के साथ मिलकर टीम को 100 रन का आंकड़ा पार कराया। फिर कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 53, आग सलमान ने 48 और तयुब ताहिर ने 28 रन की पारियां खेलकर टीम को 308 रन के स्कोर तक पहुंचा दिया।

सईम अयूब ने 101 रन की पारी खेली। उन्होंने 94 बॉल का सामना किया।

कगिसो रबाडा को 3 विकेट साउथ अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। मार्को यानसन और ब्योर्न फोर्टुइन को 2-2 विकेट मिले। क्वेन मफाका और कॉर्बिन बॉश के हिस्से एक-एक विकेट आए। क्लासेन की फिफ्टी, यानसन के साथ अर्धशतकीय साझेदारी 308 रन का संशोधित टारगेट चेज कर रही साउथ अफ्रीका ने लगातार विकेट गंवाए। टीम की ओर से टॉप-5 विकेट के लिए कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी।

## विनोद कांबली अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर, लेकिन खतरे से बाहर नहीं पूर्व क्रिकेटर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली की तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें थाने के अस्पताल में भर्ती किया गया है। कांबली पिछले काफी समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का सामना कर रहे हैं। कई पूर्व क्रिकेटर्स ने कांबली की मदद का वादा भी किया था। भर्ती होने के बाद कांबली की हालत स्थिर है हालांकि वह अब भी पूरी तरह खतरे से बाहर नहीं है।



52 साल का यह क्रिकेटर कई तरह की बीमारियों से जूझ रहा है। हाल ही में विक्की लालवानी के यूट्यूब चैनल पर कांबली ने अपनी तबीयत के बारे में बताया था। उन्होंने कहा, 'मैं यूरिन (पैशाब) से संबंधित परेशानी का सामना कर रहा था। वह बहता ही रहता था। मेरे बेटे जीसस ने मुझे उठाकर अपने पैरों पर खड़ा किया। मेरी बेटी जो कि 10 साल बड़ी है वह और मेरी पत्नी मदद के लिए आगे आए।

## इंडिया-वेस्टइंडीज:

# टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को हराया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज जीतने के बाद भारतीय महिला टीम ने वनडे सीरीज की शुरुआत भी इसी अंदाज में की है. वडोदरा के नए स्टेडियम में पहली बार खेले गए मुकाबले में कप्तान हरमनप्रीत कौर की टीम इंडिया ने एकतरफा अंदाज में वेस्टइंडीज को 211 रन से हरा दिया.

उप-कप्तान स्मृति मंधाना के बल्ले से लगातार चौथी पारी में 50 से ज्यादा का स्कोर निकला, जिसके दम पर टीम इंडिया ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 314 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया. इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम ज्यादा देर नहीं टिक पाई और सिर्फ 103 रन पर ढेर हो गई. रविवार 22 दिसंबर को तीन मैच की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने विस्फोटक शुरुआत की. इस मैच से अपना इंटरनेशनल डेब्यू कर रहीं युवा बल्लेबाज प्रतीका रावल (40) ने मंधाना के साथ ओपनिंग की और दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 110 रन की बेहतरीन साझेदारी की.

### रेणुका ने रचा इतिहास



ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आखिरी वनडे मैच में शानदार शतक और फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में लगातार 3 अर्धशतक लगाने वाली मंधाना ने एक बार फिर 50 का आंकड़ा पार किया. मंधाना हालांकि अपना शतक पूरा नहीं कर सकीं और 91 के स्कोर पर आउट हो गईं.

अपने वनडे करियर में वो चौथी बार 'नर्वस नाइंटीज' पर आउट हुईं.स्मृति के आउट होने के बाद मिडिल ऑर्डर में कप्तान हरमनप्रीत कौर (34), ऋचा घोष (26) और जेमिमा रॉड्रिग्ज (31) ने छोटी लेकिन तेज पारियां खेलीं, जिनके दम पर टीम इंडिया बड़े स्कोर तक पहुंच पाई. वेस्टइंडीज के लिए सिर्फ 20 साल की स्पिनर जाइदा जेम्स ने कमाल की गेंदबाजी की और 8 ओवर में 45 रन देकर 5 विकेट लिए.

**रेणुका ने पूरी टीम को दहलाया**

इसके जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत ही बेहद खराब रही और पारी की पहली ही गेंद पर विस्फोटक ओपनर कियाना जोसेफ रन आउट हो गईं. इसके बाद रेणुका सिंह और तीतास साधु का जलवा दिखा, जिनकी स्विंग होती गेंदों का वेस्टइंडीज की बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था. रेणुका ने तीसरे और पांचवें ओवरों में वेस्टइंडीज को 2 सबसे बड़े झटके देकर टीम की हार तय कर दी थी. भारतीय पेसर ने पहले तो विंडीज कप्तान हेली मैथ्यूज का विकेट लिया और फिर धमाकेदार बल्लेबाज डिएंड्रा डॉट्टिन को बोल्ड कर दिया. वहीं तीतास ने रशाडा विलियम्स को बोल्ड कर दिया.

सिर्फ 11 रन तक वेस्टइंडीज के 4 विकेट गिर गए थे और ये सिलसिला यहां भी नहीं रुका. रेणुका ने फिर विंडीज मिडिल ऑर्डर को ध्वस्त किया और 20.1 ओवर में 66 रन तक ही उसके 8 बल्लेबाज पवेलियन लौट गए थे. रेणुका (5/29) ने शिमेन कैम्पबेल को आउट कर 8वां विकेट गिराया और अपना 5वां विकेट हासिल किया.

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने धरना-प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

## प्रदेश व्यापी आंदोलन में जिलेभर के विद्यालय संचालक रहे उपस्थित

**पन्ना।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जिला पन्ना ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर के मुख्यमंत्री के नाम पांच सूत्रीय मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन चन्द्र शेखर आजाद पार्क के सामने धरना देकर ज्ञापन सौंपा ज्ञापन तहसीलदार महोदय को दिया गया। जिसमें प्रमुख मांग है हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूल जो कि विगत 30 - 40 वर्षों से जिस भवन में संचालित है शिक्षा विभाग से लगातार मान्यता लेकर संचालित हो रहे हैं उनमें से अनेक विद्यालय ऐसे हैं जो नवीन किरायानामा के नियम (पोर्टल संपदा 2) के कारण उन भवनों का रजिस्टर्ड किरायानामा नहीं बन पा रहा है जैसे स्लम एरिया बंटन पट्टे की भूमि ग्रामीण क्षेत्र में आवासी कॉलोनी अनाधिकृत कॉलोनी में संचालित है इन विद्यालयों को नवीन किरायानामा हेतु (पोर्टल संपदा 2) से पृथक किया जाए और ऋञ्श्व अधिनियम में एफडीआर व्यवस्था नहीं है



क्योंकि जो विद्यालय ऋञ्श्व अधिनियम लागू होने के पूर्व से संचालित थे उन विद्यालयों की एफडीआर और राशि संस्था को वापस की गई थी और अब फिर से एफडीआर की मांग की जा रही है एवं मंडल की तर्ज पर मान्यता शुल्क भी मांगी जा रही है अत: 1 से 8 तक के विद्यालयों से मान्यता शुल्क एफडीआर और रजिस्टर्ड किरायानामा की बाध्यता को समाप्त किया जाए एवं आरटीई की राशि का भुगतान एक्ट के प्रावधान अनुसार सत्र समाप्ति तक किया जाए यदि समय सीमा में भुगतान नहीं किया जाता है तो राशि ब्याज सहित स्कूलों को दी जावे क्योंकि यदि स्कूल कोई कार्य किसी कारणवश समय सीमा में नहीं कर पता है तो शिक्षा विभाग द्वारा लेट फीस के नाम पर राशि वसूली जाती है एवं आरटीई प्रपोजल में दर्ज कुछ छात्र अध्यनरत तो इसी विद्यालय में है किसी कारण बस मैपिंग अन्य विद्यालय में हो तो नोडल अधिकारी के सत्यापन के उपरांत भी उनका भुगतान नहीं हुआ है जिसे शीघ्र भुगतान कराया जाए आदि समस्याओं को लेकर के पन्ना जिले के समस्त अशासकीय स्कूलों संचालकों ने जो ज्ञापन सोपा उसमें प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव जिला संयोजक अतुल चौबे दिनेश सोनी मनीष यादव रूप सिंह राजपूत बृजेश पांडे विजय अरोड़ा अनिल तिवारी राजेंद्र महतेले ,वीरेंद्र सिंह चौहान , सेंगर सर, नईम खान, आनंद रमन द्विवेदी, भूपेंद्र परिहार महेंद्र सिंह यादव सत्यनारायण सोनी राम बहोरी पटेल वीर सिंह यादव मनोज तिवारी राकेश यादव रवि सोनी हरपाल सिंह यादव जितेन सिंह बुंदेला मुकेश रिछारिया प्रमित अग्रवाल अनुराग द्विवेदी घनश्याम शर्मा सहित जिले के सभी संचालक साथी उपस्थित रहे। ज्ञापन में पन्ना नगर सहित पूरे जिले भर के 100 से अधिक से अधिक प्राइवेट विद्यालयों के संचालक उपस्थित रहे।

# नागरिकों को मिल रही हैं त्वरित सेवाएं



**पन्ना।** चौथे सुशासन सप्ताह का आयोजन इस वर्ष भी 19 से 25 दिसम्बर तक किया जा रहा है, जिसके तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान के संचालन के साथ अन्य माध्यमों से भी नागरिकों को शासन की सेवाओं का त्वरित लाभ सुनिश्चित किया गया है। सुशासन की दिशा में परिवर्तनकारी प्रयास व सरकारी की जनहितैषी नितियों के तहत पारदर्शी तरीके से प्रौद्योगिकी का उपयोग कर नागरिकों को लाभांवित किया जा रहा है। शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित नागरिकों ने सुशासन सप्ताह में शासकीय सेवाओं का त्वरित रूप से लाभ मिलने पर खुशी व्यक्त की और इस परिवर्तनकारी प्रयास की सराहना की।

# प्रतिकूल परिस्थितियों में मन को शांत रखें : ब्रह्माकुमारी

**पन्ना।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल, पन्ना में नर्सिंग स्टाफ के लिए एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें ब्रह्माकुमारी बहनजी ने तनाव मुक्त जीवन जीने की कला पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस सत्र में ब्रह्माकुमारी बहन ने मानसिक शांति और आंतरिक संतुलन बनाए रखने के उपाय समझाते हुए कहा कि सभी को एक बात तो स्वीकार करनी ही होगी कि मन और बुद्धि ही जीवन के संचालक हैं। यदि संचालक ही स्वस्थ और कुशल नहीं होगा तो उसके द्वारा संचालित जीवन की क्या हालत होगी? जीवन को आनंददायक बनाने के लिए कुशल संचालन की अति आवश्यकता है। कुशल संचालन तभी हो सकता है जब मन-बुद्धि शक्तिशाली और मूल्य संपन्न हो। परंतु वर्तमान समय में हर आत्मा पर काम, क्रोध, लोभ, मोह अहंकार, आलस्य आदि विकारों का ऐसा गहरा प्रभाव है जो उसकी मानसिक शक्ति दिनों दिन क्षीण



होती जा रही है। यही कारण है कि बाहरी परिस्थितियों से आत्मा शीघ्र प्रभावित हो तनावग्रस्त हो जाती है।

किसी भी समस्या पर विजय पाने के लिए मन पर नियंत्रण होना बहुत जरूरी है, क्योंकि जब मन परेशान हो जाता है तो व्यक्ति को कुछ भी अच्छा नहीं लगता। ऐसी स्थिति में योग-साधना अर्थात मेडिटेशन का नियमित अभ्यास आवश्यक है। आपने आगे कहा कि मन को नियंत्रण करने के लिए सुबह-शाम कुछ समय के लिए मेडिटेशन अवश्य करें। ऐसा करने से हमारा मन शांत रहता है और हम आने वाली हर समस्या को धीरज खोने के बजाय शांतिपूर्ण ढंग से हल कर सकते हैं।

सत्र में सभी को योग अभ्यास भी कराया गया। इसके साथ ही तनाव मुक्त रहने के लिए अनेक टिप्स दिए। नर्सिंग स्टाफ ने इस सत्र को बेहद उपयोगी बताया एवं इसकी सराहना की और अपने दैनिक जीवन में इसे अपनाने का संकल्प लिया।

# प्रचार रथ के माध्यम से बताया केन-बेतवा परियोजना का महत्व



**पन्ना।** केन-बेतवा लिंक परियोजना के भूमिपूजन के पूर्व प्रचार रथ के माध्यम से जिले के नागरिकों को परियोजना के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है। प्रचार रथ द्वारा शनिवार को भी विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर लोगों को एलईडी स्क्रीन के जरिए परियोजना के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। ग्रामवासियों को परियोजना के क्रियान्वयन से सुलभ रूप से सिंचाई सुविधा एवं पेयजल उपलब्धता के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना से संपूर्ण बुन्देलखण्ड क्षेत्र को मिलने वाले लाभ के बारे में भी बताया गया। ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के संदेश को भी सुना। साथ ही जनजागरूकता के इस प्रयास की सराहना की।

# विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित की गई कार्यशाला

## अनुभवी प्रशिक्षको द्वारा ध्यान के लाभ से कराया गया अवगत

**पन्ना।** संयुक्त राष्ट्र महासंघ द्वारा ध्यान और ध्यान के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित किया गया है । विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार म0प्र0 पुलिस की समस्त ईकाइयो में ध्यान शिविर आयोजित किये जाने हेतु आदेशित किया गया है । इसी तारतम्य में आज दिनांक 21 दिसंबर 2024 को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस थोटा के निर्देशानुसार पुलिस परेड ग्राउंड पन्ना में कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला का उद्देश्य पुलिसकर्मियों में ध्यान के महत्व को समझाना और ध्यान से होने वाले लाभों के प्रति जागरूक करना है । पुलिस बल में लगातार




कार्य की परिस्थितियों से उपजे तनाव में ध्यान के माध्यम से अवसाद/तनाव प्रबंधन, बेहतर स्वास्थ्य, प्रसन्नचित्तता, कार्य के प्रति समर्पण, सामाजिक प्रतिबद्धता, संवाद कौशल, पारिवारिक सामंजस्य एवं सकारात्मकता जैसे गुणों का विकास करना संभव है।

निम्नलिखित बिन्दुओ के माध्यम से प्रशिक्षको द्वारा सूक्ष्मता से ध्यान के महत्व को बताया गया

बेहतर प्रबंधन और एकाग्रता - ध्यान के माध्यम से व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में बेहतर प्रबंधन और एकाग्रता प्राप्त की जा सकती है। पारिवारिक सामंजस्य - ध्यान से व्यक्ति के व्यवहार में सुधार होता है, जिससे पारिवारिक संबंध मजबूत बनते हैं। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ - ध्यान शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, मानसिक शांति प्रदान करता है, और आध्यात्मिक विकास में सहायक होता है। नशे की आदतों से बचाव- ध्यान के अभ्यास से नकारात्मक आदतों और व्यसनों को छोड़ने में मदद मिलती है। तनावमुक्ति और आंतरिक शांति- ध्यान तनाव को कम करता है और व्यक्ति के भीतर गहरी शांति का अनुभव कराता है।

इस कार्यशाला में भाग लेने वाले लोगों को ध्यान के महत्व और इसे जीवन में अपनाने के सरल तरीकों के बारे में जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम आंतरिक शांति और मानसिक संतुलन प्राप्त करने के लिए प्रेरणादायक रहा ।कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्ण एस. थोटा सपत्नी श्रीमती डॉ. मेघा भार्गव के साथ उपस्थिति रहे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह, अनु0 अधि0 पुलिस पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल, डी.एस.पी. ए.जे.के. श्री राजेन्द्र मोहन दुबे, रक्षित निरीक्षक पन्ना श्री खिलावन सिंह कंवर, थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक श्रीमती नीलम लक्ष्यकार, थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा, महिला थाना प्रभारी फूलकुमार केरकेट्टा, पुलिस थाना/कार्यलय, पुलिस लाइन एवं होमगार्ड के करीब 300 अधि0/कर्मचारी उपस्थित रहे । जिन्हे हार्टफुलनेस संस्था के अनुभवी प्रशिक्षको श्री संजय सिंह, विजय शंकर मौर्य एवं मिलिन्द शर्मा द्वारा ध्यान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई ।

# चाइना पतंग के धागा से बालिका के दोनों पैर बुरी तरह जख्मी जबलपुर रेफर

**पन्ना।** शासन तथा सरकार द्वारा प्रदेश में चाइना धागा पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद बाजार में पतंग मे लगने वाला चाइना धागा धडल्ले से दुकानदारो द्वारा विक्रय किया जा रहा है, जिससे आये दिन प्रदेश में अनेक दुर्घटनाए भी घटित हुई है, तथा इसी प्रकार की दुर्घटना पन्ना नगर के वार्ड क्रमांक 24 गहरा एनएमडीसी मे घटित हुई। जिसमें एक पांच वर्षीय बालिका कुमारी श्रद्धा पुत्री मनोज कुशवाहा गत दिवस 19 दिसंबर 2024 की शाम के 5:00 बजे घर के बाहर सड़क पर खेल रही थी, तभी एक ऑटो चालक तेज रफ्तार के साथ निकला जिसके पहिए में चाइना पतंग का तार चिपका हुआ था और इस तार की चपेट में बालिका के दोनों पैर आ गए। जिससे बालिका के दोनों पैर में गंभीर चोटें आई हैं तथा पैरो की नशे कट गई।

## केन-बेतवा लिंक परियोजना

# लाभांवित ग्रामों के विद्यालयों में हुईं जल पर केन्द्रित प्रतियोगिताएं

**पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार, 25 दिसम्बर को खजुराहो में केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के क्रियान्वयन से पन्ना जिले की सात तहसीलों के विभिन्न ग्रामों को भी लाभ मिलेगा। राष्ट्रीय महत्व की पहली नदी जोड़ो परियोजना के लाभ के बारे में जिले के नागरिकों को विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा शासन के निर्देशानुसार 20 से 25 दिसम्बर तक निरंतर जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन उमा



गुप्ता ने बताया कि निर्धारित गतिविधियों के आयोजन के क्रम में आज परियोजना से लाभांवित होने वाले ग्रामों के विद्यालयों में जल पर केन्द्रित चित्रकला, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही परियोजना के महत्व पर केन्द्रित विशेष कक्षा सत्र का आयोजन किया गया और इसके सकारात्मक प्रभावों के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। स्कूलों में आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। रविवार को संबंधित ग्रामों में केन-बेतवा लिंक परियोजना के महत्व और जल की आवश्यकता पर केन्द्रित नुक्कड़ नाटकों, भजन मंडलियों के तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा समस्त लाभांवित ग्रामों में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन व परियोजना के लाभ संबंधी संदेशों का दीवार लेखन के जरिए भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के शिविरों में भी ग्रामवासियों को परियोजना के सकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। गत दिवस लाभांवित ग्रामों में आमजनों की सहभागिता से कलश यात्रा एवं प्रभात फेरियां भी निकाली गईं।

# शासकीय विद्यालय में पंहुचकर मनाया बेटी का जन्मदिन

**पन्ना।** जिले के इटवा खास निवासी अंकित शर्मा पति भवानी शंकर शर्मा द्वारा अपनी बेटी का जन्मदिन शासकीय प्राथमिक शाला गहरा एनएमडीसी एवं शासकीय हाई स्कूल कुंजवन में पहुंचकर छात्र छात्राओं के बीच मनाया गया। इस दौरान श्रीमती अंकिता शर्मा एवं उनके पति भवानी शर्मा द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओ को स्टेशनरी सामग्री भेंठ की गई, तथा मिष्ठान वितरित कर बच्चो को मुंह मीठा कराया। ज्ञात हो कि शर्मा दम्पत्ति द्वारा अपनी बेटी एवं बेटे का जन्मदिन प्रतिवर्ष विद्यालयों या छात्रावास, या वृद्धाश्रम मे मनाया जाता है। जो एक अनुकरणीय पहल है। उनकी इस पहल की लोगो द्वारा सराहना की जा रही है। इस अवसर पर समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी तथा कुंजवन शासकीय हाई स्कूल के सुनील पांडे शासकीय प्राथमिक शाला प्राचार्य एनएमडीसी के प्रधानाध्यापक कमल किशोर दुबे सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# जन कल्याण पर्व के अंतर्गत विद्यालयों में की जा रही कैरियर काउंसलिंग

पन्ना

बोर्ड परीक्षाओं के पहले स्कूल में छात्र-छात्राओं की करियर काउंसलिंग की जा रही है। यह पहल समग्र शिक्षा अभियान लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार जन कल्याण पर्व के अंतर्गत की जा रही है। इसके अंतर्गत करियर काउंसलर स्कूल में पहुंचकर छात्रों को करियर योजना, कौशल आधारित रोजगार के महत्व, उच्च शिक्षा के विकल्प, विदेश में पढ़ाई के लिए आवश्यक प्रक्रिया, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, छात्र उद्यमिता के बारे में संवाद, उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता के विकल्प, स्थानीय रोजगार के अवसर, प्रजेंटेशन एवं ब्रोशर के माध्यम से सत्र को संवेदात्मक और रोचक एवं विद्यार्थियों के विचार को महत्व देते हुए उनके करियर से संबंधित प्रश्नों का समाधान कर मार्गदर्शन कर रहे हैं। गुनौर विकासखंड के प्रथम चरण में शास.उ.मा.विद्यालय द्वारी, शास.बालक उमा. वि. अमानगंज, शास.कन्या उ.मा. वि. अमानगंज, शास. उमा वि. पगरा आदि में करियर काउंसलिंग शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की करियर काउंसलिंग की गई। जिला निरीक्षण दल में जिला व्यावसायिक समन्वयक पुष्पराज सिंह परमार के साथ करियर काउंसलर बालकृष्ण दाहिया एवं रामचंद्र द्विवेदी ने छात्रों को करियर योजना के बारे में में बताया।

# फाइनेंस कम्पनी के एजेंटों की प्रताड़ना से जहर खाने वाले युवक की मौत, दो आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज

**सतना।** फाइनेंस कम्पनी के एजेंटों की प्रताड़ना से परेशान होकर जहर निगलने वाले युवक की जिला अस्पताल में मौत हो गई, जिस पर मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद कोलगवां पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि रंजीत पुत्र पंचमलाल चौधरी 26 वर्ष, ने 6 महीने पहले प्राइवेट फाइनेंस कंपनी से एक लाख का लोन लिया था, जिसकी किस्त समय पर दे रहा था, लेकिन नवम्बर में कुछ कारणों से किश्त नहीं दे पाया तो चेक बाउंस हो गया। इसी बीच 16 दिसम्बर की दोपहर को 12 बजे कम्पनी के दो एजेंट घर आए और ऑफिस में बात करने की बात कहकर युवक को अपने साथ ले गए।

लगभग दो घंटे बाद रंजित बेहोशी की हालत में घर के पास पड़ा मिला, जिसकी सूचना मिलने पर परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गए। इलाज के पश्चात होश में आने पर युवक ने एजेंटों की प्रताड़ना से आहत होकर जहरीला पदार्थ निगलने का खुलासा किया। उसके पिता ने आरोपी सत्यम मिश्रा और हरिओम शुक्ला के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत कर दी। उधर उपचार के बीच 20 दिसम्बर की शाम को युवक ने दम तोड़ दिया।

शनिवार को जिला अस्पताल की मरचुरी में पोस्टमार्टम से पहले आक्रोशित परिजनों ने अपराध दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग रखी, तब भारी पुलिसबल की मौजूदगी में कोलगवां टीआई ने समझाइश देकर प्रक्रिया आगे बढ़ाई। पीएम के बाद आरोपी सत्यम मिश्रा और हरिओम शुक्ला पर बीएनएस की धारा 296, 115(2), 104(3), 3(5) और एससीएसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# सरपंचो के अधिकारो को लेकर जिला अध्यक्ष बृजमोहन यादव ने मुख्यमंत्री को सौपा ज्ञापन

**पन्ना।** पन्ना प्रवास पर आये प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को राष्ट्रीय सरपंच संगठन के जिला अध्यक्ष बृजमोहन यादव ने ग्राम पंचायतो के सरंपचो की समस्याओं तथा अधिकारो को लेकर ज्ञापन सौपा तथा हैलीपेड़ पर उनका स्वागत किया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पन्द्रहवे वित्त एवं पांचवे वित्त की राशि प्रत्येक वर्ष बढ़ाई जाये, वर्ष 2006 के पूर्व बनें पंचायत भवनो को सामुदायिक भवन मे परिवर्तित करते हुए नवीन भवन स्वीकृत किये जाये। प्रधानमंत्री आवास की लागत शहरी क्षेत्रो के अनुसार ढाई से तीन लाख रूपये की जाये, जनपद पंचायत को प्राप्त आवास लक्ष्य के लक्ष्य में पांच आवास की स्वीकृति हेतु संबंधित ग्राम पंचायत के सरंपच को अधिकारी दिये जाये, नरेगा योजना में प्रतिबंधित किये गये कार्यो को पुन: खोले जाने हेतु निर्देश दिये जाये। मनरेगा योजना अन्तर्गत श्रमिको की मजदूरी 350 रूपये किया जाये, सरपंच एवं पंचो के मानदेय मे शालाना बृद्धि की जाये, तथा सरपंचो को पंचायत मंत्री एवं मुख्यमंत्री के साथ प्रांत स्तर पर बैठक आयोति की जाये।

# मैहर में बिलों के भुगतान के एवज में 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते सीएमओ पकड़ाए, लोकायुक्त टीम ने दर्ज किया केस

**सतना।** नगर पालिका मैहर में विभिन्न कार्यों का बिल पास करने की आवाज में ठेकेदार से 20,000 की रिश्वत लेते हुए नगर पालिका मैहर के सीएमओ लालजी ताम्रकार को रीवा लोकायुक्त पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ लिया है। लोकायुक्त ने उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है और उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया है।

ये कार्रवाई सीएमओ के निज निवास मैहर में की गई है। लोकायुक्त कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह सीएमओ लालजी ताम्रकार के निज निवास पर ठेकेदार शिवेंद्र सिंह निवासी



उचेहरा जिला सतना के उपस्थिति में उक्त कार्रवाई की गई है। ठेकेदार शिवेंद्र सिंह नेगेट दोनों लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। मैहर के कुआं गांव में हाईटेंशन तार में फंसकर हाथी की मौत, सप्लाई बंद की, लेकिन जा चुकी थी जानमैहर के कुआं गांव में हाईटेंशन तार में फंसकर हाथी की मौत, सप्लाई बंद की, लेकिन जा चुकी थी जान नगर पालिका मैहर के सीएमओ लालजी ताम्रकार द्वारा उनके द्वारा किए गए काम का बिल पास करने के लिए तीस हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहे हैं। उक्त मामले में ठेकेदार द्वारा पूर्व में 10000 उन्हें दिए जा चुके हैं। शिकायत की जांच करने पर पता चला कि अभी भी लालजी टपका द्वारा 20000 रुपए की रिश्वत की मां की जा रही है।

शुक्रवार को लोकायुक्त टीम ने 16 सदस्य टीम के साथ उक्त कार्रवाई करते हुए लालजी ताम्रकार को रंगे हाथ पकड़ लिया, उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया है। लोकायुक्त में मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# ग्राम पंचायत मुटवाकला में स्टाप डेम निर्माण किये जाने मुख्यमंत्री को सौपा ज्ञापन

**पन्ना।** पन्ना जिले के प्रवास पर आये प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से भाजपा के अनेक कार्यकर्ताओं द्वारा मुलाकात के दौरान विभिन्न समस्याओं तथा मांगो को लेकर ज्ञापन सौपे गयें है। इसी कड़ी में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अरविन्द यादव द्वारा मुख्यमंत्री श्री यादव से हेलीपेड़ पर मुलाकात की तथा ग्राम पंचायत मुटवाकला जनपद पंचायत पन्ना मे स्टापडेम बनाये जाने के संबंध में ज्ञापन सौपा है। उन्होने कहा कि मुटवाकला ग्राम के झिरियन नाला में स्टाप डेम यदि सिचाई विभाग या जनपद पंचायत द्वारा बना दिया जाये तो सैकड़ो किसानो को उसका लाभ मिलेगा तथा किसानो के खेत सिंचित होगें। उक्त संबंध में तत्कालीन सांसद नागेन्द्र सिंह द्वारा भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को पत्र लिखकर पांच लाख रूपये की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई थी तथा बीच में भी समय समय पर पत्राचार किये गये लेकिन उक्त जनहित की मांग को आज दिनांक तक पूरा नहीं किया गया है। श्री यादव ने मुख्यमंत्री से स्टाप डेम निर्माण कराये जाने की मांग की है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने रीवा राजनिवास सर्किट हाउस में आमजनों से भेंट की तथा उनकी समस्यायें सुनीं। प्रभारी मंत्री ने आमजनों से प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।



## जिले के विकास के लिए सब मिलकर टीम की तरह काम करेंगे

### एकल नलजल योजनाओं को 31 मार्च तक पूर्ण कर पंचायत को हैण्डओवर करें : प्रभारी मंत्री

**रीवा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री एवं रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि रीवा जिले के विकास के लिए सभी मिलकर टीम की तरह कार्य करेंगे। योजना समिति की हर माह बैठक आयोजित करके पारदर्शी तरीके से प्रत्येक योजना की समीक्षा की जाएगी। सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए उपयोगी सुझाव दें। बैठक के पालन प्रतिवेदन तथा एजेण्डा बिन्दुओं की जानकारी सभी सदस्यों को बैठक से सात दिन पहले उपलब्ध कराई जाएगी। जलजीवन मिशन बहुत महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत एकल नलजल योजनाओं का



कार्य 31 मार्च तक पूरा करके हर घर में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा नलजल योजना को ग्राम पंचायत को हैण्डओवर करें। इन योजनाओं में भी जहाँ पानी का पर्याप्त स्त्रोत नहीं हैं वहाँ समूह नलजल योजना से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। नलजल योजना के पूरक प्रस्ताव में हर बसाहट को शामिल करें। समूह नलजल योजनाओं का कार्य तेजी से जारी है। इसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। निर्माण कार्य को जुलाई 2025 की तय समय सीमा में पूरा कराएं।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में छूटे हुए परिवारों को शामिल करने के लिए सर्वे का कार्य शुरू कर दिया गया है। सभी जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी पूरी संवेदनशीलता से कार्य करते हुए हर पात्र हितग्राही का नाम सूची में अनिवार्य रूप से शामिल कराएं। बिजली विभाग की आरडीएसएस योजना से 26 कैपीसीटर बैण्ड लगाने का कार्य पूरा हो गया है। पाँच विद्युत सब स्टेशन के स्वीकृत कार्यों में से एक पूरा हो गया है। शेष का निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा कराएं। फीडर सेपरेशन के कार्य में भी तेजी लाएं। फीडर सेपरेशन में शामिल क्षेत्रों की जानकारी संबंधित विधायकों को उपलब्ध कराएं। पोषण शक्ति अभियान की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि स्वसहायता समूहों के कार्यों पर पूरी निगरानी रखें। यदि स्वसहायता समूह मध्यान्ह भोजन का ठीक से वितरण नहीं कर पा रहा तो उसे धान उपार्जन का कार्य नहीं दिया जा सकता। रोजगार के अवसर देने के साथ-साथ हमें स्वसहायता समूह के उद्देश्यों पर भी ध्यान देना होगा। हर कार्य के लिए जिम्मेदारी निर्धारित होनी चाहिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में संचालित स्वच्छता परिसरों में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था करें। पानी और सफाईकर्मी की समुचित व्यवस्था के बिना स्वच्छता परिसर संचालित न करें। प्रभारी मंत्री ने पंचायतों द्वारा कचरा वाहन के उपयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रभारी मंत्री ने सोहागी घाटी में सड़क सुधार, उपार्जित धान के परिवहन, गौशालाओं में बिजली और पानी की व्यवस्था करने तथा पंचायत भवनों के निर्माण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में जिन व्यक्तियों से समझौते हुए हैं उन्हें ही जमीन दी जाए।

## मनगवां क्षेत्र के स्वीकृत एकल व समूह ग्राम योजनाओं के कार्यों की समीक्षा 30 दिसंबर को

**रीवा।** मनगवां विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति की उपस्थिति में मनगवां विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत स्वीकृत एकल एवं समूह ग्राम योजनाओं के कार्यों की समीक्षा 30 दिसंबर को अपरान्ह 4.30 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्रीमती प्रतिभा पाल ने बैठक में महाप्रबंधक जल निगम, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य मैकेनिकल खण्ड तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

## अनंतपुर की आराजी के संबंध में आपत्ति आज तक आमंत्रित

**रीवा।** अनंतपुर की शासकीय आराजी क्रमांक 971/1 रकवा 5.5930 हेक्टेयर के संबंध में आपत्ति 24 दिसम्बर तक तहसीलदार हुजूर के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है।

## स्वास्थ्य मानकों में सुधार के लिए सशक्त स्वास्थ्य सेवाओं के साथ जन-जागरूकता जरूरी: उप मुख्यमंत्री

### स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा की

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश के हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वास्थ्य जागरूकता, समय पर निदान और रोकथाम के उपायों को सफलतापूर्वक लागू कर, हम प्रदेश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनायेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर डिलीवरी और स्वास्थ्य मानकों में सुधार के लिए जनता को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, स्वास्थ्य देखभाल के उचित तरीकों और आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चार इमली स्थित निवास कार्यालय पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और प्रदेश में स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि समय पर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के लिए सही समय पर चिन्हांकन आवश्यक है। जिससे उनका सही समय पर समाधान भी सुनिश्चित किया जा सकता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रोकथाम आधारित स्वास्थ्य देखभाल (प्रिवेंटिव हेल्थ केयर मेजर्स) स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाय जितना ही महत्वपूर्ण है। इससे प्रदेश में शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर सहित विभिन्न स्वास्थ्य मानकों में सुधार लाया जा सकता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए जन-जागरूकता अभियानों को और प्रभावशाली बनाया जाए। आम नागरिकों को स्वास्थ्य प्रबंधन, सही खानपान, नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य देखभाल के सही तरीकों के प्रति शिक्षित करना आवश्यक है।

## जिले भर में जनकल्याण अभियान के लगाये जा रहे हैं शिविर

### जनकल्याण अभियान में 24 और 25 दिसंबर को लगेंगे शिविर

**रीवा**

पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 24 और 25 दिसंबर को शिविर लगाये जायेंगे।

कलेक्टर ने बताया कि 24 दिसंबर को महसुआ, जोगिनहाई, बुढ़िया और बंधवा में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह 25 दिसंबर को सुरसा खुर्द, रौरा तथा पड़रा में शिविर लगेंगे। अनुभाग हुजूर में 24 दिसंबर को अमवा और भिटवा तथा 25 दिसंबर को अजगरहा एवं करहिया नम्बर एक में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में 24 दिसंबर को ग्राम पंचायत किरहाई और गढ़वा तथा 25 दिसंबर को ग्राम पंचायत गौहाना और उसकी में शिविर लगेंगे। अनुभाग मनगवां में 24 दिसंबर को मढ़ीखुर्द और सथिनी एवं 25 दिसंबर को दुबगवां और टिकुरी 37 में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह अनुभाग त्योंथर में 24 दिसंबर को परसिया और मदरो तथा 25 दिसंबर को कोनियाकला और कुठिला में शिविर लगाये जायेंगे। अनुभाग सिरमौर में 24 दिसंबर को बगढा दुबे और रिमारी तथा 25 दिसंबर को तिलखन और पिपरी में शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने आमजनता से इन शिविरों से लाभ उठाने की अपील की है।

## समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम आज

**रीवा।** समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 24 दिसम्बर को शाम 4 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के आवेदनों की जिलेवार समीक्षा करेंगे। समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में इस माह नगरीय निकाय, ऊर्जा विभाग, सहकारिता विभाग, जल संसाधन विभाग, पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग के एजेण्डा बिन्दुओं पर लंबित आवेदनों की समीक्षा की जाएगी।

## बालमैत्रीपूर्ण सेवा योजना क्रियान्वयन संबंधी प्रशिक्षण संपन्न

**रीवा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आषीर्वाद भिलाला के नेतृत्व मे ए.डी.आर. सेन्टर जिला न्यायालय में नालसा बालकों हेतु बालमैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024 के क्रियान्वयन के लिए गठित कमेटी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त विशेष न्यायाधीश विजय अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में बच्चों के सर्वोत्तम हित और उससे जुडे कानून के संबंध में जानकारी दी।



कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विशेष न्यायाधीश पाक्सों श्रीमती कंचन गुप्ता ने बालकों के लैंगिक अपराधों का संरक्षण अधिनियम 2012 के बारे में जानकारी दी एवं सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग आशीष द्विवेदी ने महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं बालकों के सुरक्षा एवं देखभाल के संबंध में बताया। बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ. मिनाक्षी मिश्रा ने बालको के कल्याण एवं सुरक्षा के संबंध में, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य के.पी.शर्मा ने किशोर न्याय अधिनियम के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने की। स्वागत उद्बोधन सुमित सिंह ने दिया। सुरेन्द्र सिंह, आनंद पाण्डेय, मंजूर अहमद मंसूरी, श्रीमती आरती तिवारी ने भी विचार व्यक्त किये। अनीश पाण्डेय ने कार्यक्रम का संचालन किया। आभार धर्मेन्द्र नापित ने किया। कार्यक्रम में जय प्रकाश पाठक, शिवकुमार तिवारी, क्षेत्रपाल मिश्रा, सौरभ द्विवेदी, हेम कुमार अग्निहोत्री, उमेश कुमार सिंह, श्रीमती नीलम पटेल, शिवशरण सिंह, श्लेषा शुक्ला, श्रीमती अम्बे सिंह, श्रीमती नसरीन खान, श्रीमती रंजना सिंह, रमेश कुमार कुशवाहा, पूर्णिमा साहू, उमा सोधिया, रूचि द्विवेदी, विभा द्विवेदी, आरती शर्मा, अनिल अग्निहोत्री उपस्थित रहे।

## प्रशासन गांव की ओर अभियान में संभागीय अधिकारी लगातार कर रहे भ्रमण

**रीवा।** रीवा संभाग के सभी जिलों में प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिसम्बर से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों का मौके पर निराकरण करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद की विशेष पहल से संभागीय अधिकारी संभाग के सभी जिलों का लगातार भ्रमण कर रहे हैं। अधिकारियों द्वारा जनकल्याण शिविरों में शिरकत करने के साथ-साथ आंगनवाड़ी केन्द्र, स्कूल, छात्रावास, धान उपार्जन केन्द्र तथा उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी ग्राम स्तरीय कार्यालयों में दस्तक दे रहे हैं।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में 9949 आवेदन पत्र हुए मंजूर

**रीवा।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में 15 दिसम्बर से प्रत्येक विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय के वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में 15 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक आयोजित शिविरों में कुल 12450 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए। इनमें से 9949 आवेदन पत्र स्वीकार किए गए हैं। शेष 2235 आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अलग-अलग कारणों से 263 आवेदन पत्र अमान्य किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र में कुल 11160 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 8783 मंजूर किए गए हैं। विकासखण्ड त्योंथर में 6477, रायपुर कर्चुलियान में 1032, रीवा में 657, सिरमौर में 872, गंगेव में 1116 तथा जवा में 1006 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए हैं। इनमें से विकासखण्ड त्योंथर में 6226, रायपुर कर्चुलियान में 700, रीवा में 205, सिरमौर में 300, गंगेव 951 तथा जवा में 401 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शहरी क्षेत्र में कुल 1290 आवेदन पत्र प्रापत हुए हैं। इनमें से 1166 मंजूर किए गए हैं। नगर निगम रीवा में 847, नगर पंचायत सिरमौर में 9, गुढ़ में 73, मनगवां में 9, गोविंदगढ़ में 13, सेमरिया में 99, चाकघाट में 67, त्योंथर में 43, डभौरा में 88 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 42 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से नगर निगम रीवा में 824, नगर पंचायत सिरमौर में 9, गुढ़ में 72, मनगवां में 9, गोविंदगढ़ में 2, सेमरिया में 89, त्योंथर में 18, डभौरा में 63, चाकघाट में 35 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 42 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं।

## विकासखण्डों में 26 से 31 दिसम्बर तक लगेंगे रोजगार मेले

**रीवा।** शिक्षित युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार का अवसर देने के लिए जिले के सभी विकासखण्डों में रोजगार मेले लगाए जा रहे हैं। रोजगार मेले में विकासखण्ड मुख्यालय में जनपद कार्यालय में प्रातः 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित होंगे। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि 26 दिसम्बर को विकासखण्ड सिरमौर, 27 दिसम्बर को त्योंथर, 28 दिसम्बर को गंगेव, 29 दिसम्बर को जवा, 30 दिसम्बर को रायपुर कर्चुलियान तथा 31 दिसम्बर को रीवा विकासखण्ड में रोजगार मेले लगाए जा रहे हैं। इन मेलों में मशीन आपरेटर, स्पिनिंग, गारमेंट स्टिचिंग, हाउसकीपिंग, सुरक्षाकर्मी, सुपरवाइजर जैसे कार्यों के लिए विभिन्न कंपनियों द्वारा योग्य युवाओं का चयन किया जाएगा। आवश्यक होने पर संबंधित कंपनी प्रशिक्षण की भी सुविधा देगी। रोजगार के इच्छुक शिक्षित युवा अपनी जनपद पंचायत कार्यालय में जाकर रोजगार मेले के लिए पंजीयन करा सकते हैं। श्रीमती त्रिपाठी ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को रोजगार मेले के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

## जल वितरण प्रणाली को लीकेज प्रूफ बनाने के साथ रीवा के हर घर में शुद्ध जल सप्लाई करना है सुनिश्चित: उप मुख्यमंत्री


**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि जल प्रबंधन के लिये इजरायल का नाम विश्व में विख्यात है। उनके अनुभव, प्रयासों और सुझावों से रीवा नगर निगम क्षेत्र में बेहतर जल प्रबंधन किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि योजना का निर्माण भविष्य की आवश्यकताओं और मांग को ध्यान में रखकर किया जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा शहर में जल वितरण प्रणाली को लीकेज प्रूफ बनाने के साथ हर घर में शुद्ध जल पहुँचना सुनिश्चित करना है। जल संग्रहण के साथ जल का संवर्धन भी भविष्य की मांग को पूरा करने के लिये आवश्यक है। जल को उपचारित कर पुन: प्रयोग करना समय की



मांग है और पर्यावरण अनुसंगत है। इसे ध्यान में रखते हुए योजना का निर्माण किया जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चार इमली स्थित निवास कार्यालय भोपाल में नगर निगम रीवा में वाटर सप्लाई सुविधा के विस्तार, प्रबंधन और सशक्तीकरण के लिये इजराइल के प्रतिनिधि मंडल से चर्चा की।

इजरायल प्रतिनिधि मंडल ने बेहतर जल प्रबंधन और वितरण नेटवर्क सुदृढ़ीकरण पर अपने अनुभव को साझा किया। जल संसाधन प्रबंधन के लिये कृत्रिम और प्राकृतिक सोर्स का चिन्हांकन किया जाना महत्वपूर्ण है। कृत्रिम स्तंभों में अपशिष्ट जल का पुन-उपयोग शामिल है। प्राकृतिक स्तंभों में वर्षा जल संग्रहण, भूजल पुनर्भरण, झील व भूजल निगरानी, और बाढ़ जल संग्रहण शामिल हैं। प्रभावी प्रबंधन के लिए संरक्षण और पुन:प्राप्ति सुनिश्चित कर जल संसाधनों का सतत उपयोग सुनिश्चित किया जा सकता है। इजराइल प्रतिनिधि मंडल में वॉटर अटैशे श्रीमती नोआ अमसालेम, वरिष्ठ जल संसाधन विशेषज्ञ श्री नीरज गहलावत शामिल थे।

भारत में इज़राइल वॉटर अटैशे दोनों देशों के बीच जल संसाधन प्रबंधन, तकनीकी सहयोग और अनुसंधान में साझेदारी को मजबूत करने का कार्य करते हैं। जल संरक्षण, पुनर्चक्रण और कुशल सिंचाई तकनीकों जैसे क्षेत्रों में तकनीकी ज्ञान का आदान-प्रदान करते हैं। इसके साथ ही, जल सुरक्षा, जल प्रदूषण नियंत्रण और नीति निर्माण में सहयोग प्रदान करते हैं। वॉटर अटैशे शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों के बीच संयुक्त परियोजनाओं को प्रोत्साहित करते हैं और जल संकट से निपटने के लिए दीर्घकालिक समाधान विकसित करने में मदद करते हैं। नगर निगम रीवा में तकनीकी सलाहकार यूएडीडी श्री सतीश कुमार राव ने रीवा में अब तक किये गये कार्य, प्रस्तावित योजना की जानकारी दी। रीवा शहर में वर्तमान में 550 किमी वितरण नेटवर्क से 45 हजार परिवारों को नल कनेक्शन दिये गये हैं।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833